# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई

**भौक्षणिक सत्र : 2018–19**

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किए गए क्रियाकलापों पर आधारित रिपोर्ट

## कार्यक्रम अधिकारी – डा0 पी0के0 राजपूत

## जनता कालेज बकेवर, इटावा (उ0 प्र0)

(राश्ट्रीय प्रत्यायन एंव मूल्यांकन परिशद द्वारा B ग्रेड प्राप्त)

(सम्बद्ध–छत्रपति भाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर)

प्राचार्य प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.प्रमोद कुमार राजपूत एसोशियेट प्रोफेसर,भूमि सरंक्षण विभाग ने शैक्षिणिक सत्र 2018-19 में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों का कुशलता पूर्वक निर्देशन किया है। डॉ.प्रमोद कुमार राजपूत के दिशा निर्देशन में कालेज परिसर में नियमित स्वच्छता एवं सफाई अभियान चलाया गया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अंगीकृत गांव बल्लमपुर में स्वच्छता अभियान, एड्स जन जागरूकता, मतदाता जागरूकता रैली, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ, नुक्कड़ नाटक, पर्यावरण एवं जल संरक्षण गोष्ठी के माध्यम से ग्रामीण को विभिन्न समस्याओं के प्रति जागरूक किया गया।

मुझे डॉ.प्रमोद कुमार राजपूत के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से आयोजित किये गये विभिन्न कार्यक्रमों की सराहना करते हुये बडी़ प्रसन्नता हुई।

सधन्यवाद,

भवदीय,

M Yadav

(डा.महेश प्रसाद यादव )

प्राचार्य

# अनुक्रमणिका

| क्र.सं. | दिनांक | कार्यक्रम का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 14-08-2018 | वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम |
| 2 | 15-08-2018 | स्वतंत्रता दिवस का आयोजन |
| 3 | 16-08-2018 | तम्बाकू/धूम्रपान नियंत्रण कार्यक्रम |
| 4 | 18-09-2018 | ओरिएन्टेशन कार्यक्रम |
| 5 | 24-09-2018 | राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस |
| 6 | 25-09-2018 | स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम |
| 7 | 26-09-2018 | स्वच्छता जन जागरुकता गोष्ठी |
| 8 | 01-10-2018 | सफाई एवं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम |
| 9 | 02-10-2018 | स्वच्छता जनजागरुकता रैली/महात्मा गाँधी जयन्ती |
| 10 | 08-10-2018 | मतदाता जनजागरुकता गोष्ठी व रैली |
| 11 | 24-10-2018 | महर्षि वाल्मीकी जयन्ती का आयोजन |
| 12 | 31-10-2018 | इन्दिरा गाँधी निर्वाण दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस |
| 13 | 15-11-2018 | स्वच्छता जागरुकता एक दिवसीय शिविर |
| 14 | 19-11-2018 | स्व.इन्दिरा गाँधी जयन्ती समारोह |
| 15 | 01-12-2018 | विश्व एड्स दिवस जनजागरुकता रैली |
| 16 | 14-12-2018 | मतदाता जागरुकता क्लब |
| 17 | 19-12-2018 | बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ रैली |
| 18 | 24-12-2018 | स्व.श्री अटल बिहारी बाजपेई 95 वी.जयन्ती |
| 19 | 25-01-2019 | जिला युवा संसद समारोह |
| 20 | 20-02-2019 | अपराजिता 100 मिलियन स्माइल कार्यक्रम |
| 21 | 25-2 से 03-3-19 | सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम- बल्लमपुर। |
| 22 | 05-06-2019 | विश्व पर्यावरण दिवस |

# वृहद वृक्षारोपण

राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत दिनांक 14.08.2018 को स्वयं सेवकों द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह वृक्षारोपण राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा0 पी0 के0 राजपूत, कालेज के प्राचार्य डा0 एम0 पी0 यादव, डा0 ए0 के0 पाण्डेय व डा0 एम0 पी0 सिंह प्रभारी सस्य विज्ञान के देखरेख व दिशा निर्देशन में सम्पन्न हुआ। वृक्षारोपण व्यायामशाला से लेकर प्राध्यापक आवास, गेम्स फील्ड, कृषि फार्म, कालेज के बाग में रिक्त भूमि आदि पर किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में पेन्डुला अशोक, सीता अशोक, सादा अशोक, आम, कटहल, लीची, अमरूद, तेजपत्ता, मौलश्री आदि के लगभग 150 पौधों को रोपण किया गया। इस अवसर पर कालेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डा0 एस0 एम0 राम, डा0 ललित गुप्ता, प्रो0 एच0 एस0 माहौर, डा0 मनोज यादव, डा0 प्रकाश दुवे, डा0 धर्मेन्द्र कुमार, डा0 संजीव कुमार आदि प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।



डॉ.एम.पी.सिंह,डॉ.एम.पी.यादव,डॉ.ए.पी.सिंह,डॉ.इन्दु बाला मिश्रा,डॉ.ज्योति भदौरिया,
डॉ.एस.एन.राम,डॉ.पी.के.राजपूत व एन.एस.एस.के स्वयं सेवक




# राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त 2018

कालेज में बडे धूमधाम से 72वें राष्ट्रीय पर्व स्वतन्त्रता दिवस का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम 15 अगस्त को एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी व संयोजक सोशल फंक्सन डा0 पी0 के0 राजपूत, एनसीसी अधिकारी डा0 यू0के0 मिश्रा द्वारा प्राचार्य डा0 एम0 पी0 यादव को लेकर ध्वजारोहण स्थल पर ले गये तथा प्राचार्य जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य जी व अन्य प्राध्यापकगणों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। 15 अगस्त 2018 के कार्यक्रम का आयोजन पुस्तकालय भवन में किया गया। मंच पर डा0 यू0 के0 मिश्रा, डा0 ए0के0 पाण्डेय (डीन कृषि संकाय), डा0 एस0एन0राम (प्रमुख अनुशासनाधिकारी), डा0 एम0पी0 यादव (प्राचार्य), डा0 नलिनी शुक्ला (डीन विज्ञान संकाय), डा0 पी0के0 राजपूत संयोजक सोशल फक्सन उपस्थित थे। कार्यक्रम के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंम सेवक, एनएसएस के कैडेड तथा कालेज के अन्य छात्र–छात्राए बडी मात्रा में उपस्थित थी।

कार्यक्रम सबसे पहले उन ज्ञात–अज्ञात, परोक्ष–अपरोक्ष अमर शहीदों को जिन्होने जंगे आजादी में अपने अपने प्राणों की आहूति देकर हम सभी को गुलामी की दासता से मुक्त कराया। उन सभी को शत–शत नमन एवं श्रृद्धाजंली दी गयी।

कार्यक्रम के प्राचार्य डा0 एम0पी0 यादव ने स्वयं सेवकों, छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने–अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठापूर्वक एवं सच्ची लगन से कार्य करते रहना चाहिये। वर्तमान में देश की सबसे बडी समस्या जनसंख्या वृद्धि एवं भ्रष्टाचार की चुनौती है। तत्पश्चत ड0 यू0के0 मिश्रा द्वारा शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) के पत्र का वाचन किया गया, जिसमें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यो एवं उन्नति के बारे में अवगत कराया गया। प्रदेश के छात्र/छात्राओं के सर्वागीर्ण विकास हेतु युवा महोत्सव खेलकूद, एनएसएस, एनसीसी, रोवर्स रेन्जर्स, निबन्ध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, गीत संगीत आदि कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता पर जोर दिया। साथ ही स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओ एवं एक भारत, सशक्त भारत आदि के संकल्पों को मूर्ति रूप देने हेतु उच्च शिक्षा विभाग कटिवद्ध है।

डा0 एम0 पी0 सिंह ने अपने उदबोधन में बताया कि देश में तिलहन उत्पादन आजादी के बात आशातीत वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त अश्वनी मिश्रा तथा कई स्वयं सेवकों, छात्र–छात्राओं ने स्वतन्त्रता दिवस पर ओजश्वी भाषण, काव्य, देशभक्ति आदि पर अपनी–अपनी प्रस्तुतियां दी।



# तम्बाकू एवं धूम्रपान निषेध कार्यक्रम

दिनांक 16.08.2018 को तम्बाकू/धूम्रपान नियत्रंण कार्यक्रम का आयोजन कालेज के सेमिनार हाल में किया गया। यह कार्यक्रम हेल्पेज यूथ फाउन्डेशन, लखनऊ के सौजन्य से सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय तम्बाकू नियत्रंण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित किया गया। संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा तम्बाकू/धूम्रपान से होने वाले विभिन्न रोगों एवं जानलेवा बीमारियों के बारे में स्वयं सेवकों को विस्तृत जानकारी दी गयी। तम्बाकू तथा धूम्रपान से फेफड़ों, मुँह में कैन्सर, मुँह का न खुलना आदि बीमारी एक सामान्य बात है। धूम्रपान करने वाले सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करते हैं, जिससे से जो लोग नहीं करते हैं उनको साँस लेने में कठिनाई होती है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम के अधिकारी डा0 पी0 के0 राजपूत ने किया। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा0 एम0 पी0 यादव, डा0 मनोज कुमार यादव तथा संस्था के प्रतिनिधि श्री श्याम कुमार जी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवकों ने बड़ी मात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर स्वंय सेवकों ने संस्था के प्रतिनिधियों से कई प्रश्न भी पूंछे। जिसमें प्रमुख रूप से रजत पटेल, रवि कान्त, आशिम कुमार सिंह, सर्वेन्द्र सिंह आदि छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही।



राष्ट्रीय तम्बाकू नियत्रंण कार्यक्रम के अवसर पर मंचासीन प्राध्यापकगण डॉ.पी.के.राजपूत,प्राचार्य डॉ.एम.पी. यादव

## राष्ट्रीय सेवा योजना का ओरिएन्टेशन कार्यक्रम

आयोजित तिथि 18- 09 - 2018

जनता कालेज बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन. एस. एस.) इकाई द्वारा कालेज के सेमिनार हाल में ओरिएन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सत्र के छात्र- छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य का दैनिक जीवन में महत्व व आगामी क्रिया- कलापों के बारे में विस्तृत पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पी.के. राजपूत द्वारा किया गया | डॉ. राजपूत ने स्वयं सेवकों से बताया कि छात्र स्वयं अनुशासित होकर पूर्ण निष्ठा से अपना-अपना सौ प्रतिशत योगदान दें तो सफलता अति निकट होगी। साथ ही पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक क्रिया-कलापों में भी बढ़- चढ़ कर भाग लेते रहे | एक सच्चे स्वयं सेवक का यह कर्तव्य होता है कि वह स्वयं सेवा के अवसर तलाशे तथा वॉच्छित व्यक्तियों की सहायता करें | इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य डॉ. ए. के. पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान परिवेश में विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास करना चाहिए तभी समग्र राष्ट्र का विकास सम्भव है | उन्होने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का चिन्तन महात्मा गॉधी एवं स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों से ओत प्रोत है | तथा इसका प्रारम्भ 24 सितम्बर, 1969 को गॉधी शताब्दी वर्ष में किया गया | डॉ.मनोज कुमार यादव ने छात्रा को बताया कि शिक्षा ग्रहण करने के साथ- साथ समाज सेवा, सामाजिक क्रिया कलापों मे भागीदारी एवं दुर्बल व असहाय व्यक्तियों की मदद करनी चाहिए | इस अवसर पर लगभग 125 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया तथा कालेज के प्रमुख अनुशासनाधिकारी डॉ. एस.एन. राम, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ. आनन्द सिंह सहित कई प्राध्यापक गण उपस्थित रहे |

अमर उजाला

कानपुर | बृहस्पतिवार, 20 सितंबर 2018 5

## एनएसएस के उद्देश्य बताए

बकेवर (इटावा)। जनता कालेज बकेवर के सेमिनार हॉल में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का कार्यक्रम हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई। योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. पीके राजपूत ने एनएसएस स्वयं सेवकों को बताया कि छात्र स्वयं अनुशासित होकर सौ प्रतिशत योगदान दें, तो सफलता अवश्य मिलेगी। वे पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक क्रिया-कलापों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते रहें। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य डा. एके पांडेय ने कहा कि वर्तमान परिवेश में विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास करना चाहिए। तभी समग्र राष्ट्र का विकास संभव है। इस कार्यक्रम में 125 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कालेज के प्रमुख अनुशासन अधिकारी डा. एसएन राय, डा. संजीव कुमार, डा. संजय विश्वकर्मा, डा. आनन्द सिंह आदि मौजूद रहे।




राष्ट्रीय सेवा योजना के ओरिएन्टेशन कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पी.के. राजपूत, डॉ. ए. के. पाण्डेय, डॉ. एस.एन. राम व डॉ. संजय विश्वकर्मा



राष्ट्रीय सेवा योजना के ओरिएन्टेशन कार्यक्रम में प्राध्यापक व गण छात्र

## राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस कार्यक्रम

आयोजित तिथि 24- 09 - 2018

जनता कालेज बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस आज 24 सितम्बर को कालेज के सेमिनार हाल में मनाया गया | कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पी.के. राजपूत ने स्वयं सेवको को बताया कि वर्ष 1969 में राष्ट्र पिता महात्मा गॉधी की जन्म शताब्दी के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की आधार शिला रखी गयी थी | जिसके आज पूरे 49 वर्ष पूर्ण हो चुके है | डॉ. राजपूत ने बताया कि प्रारम्भ में पूरे देश में लगभग 37 विश्वविद्यालयों के 40000 स्वयं सेवको को लेकर राष्ट्रीय सेवा योजना का आगाज हुआ था | वर्तमान में भारत में 396 विश्वविद्यालय, 47 परिषद, 20 प्रशिक्षण संस्थान, 16331 महाविद्यालयों व तकनीकी संस्थान में कुल 39 लाख स्वयं सेवको की सक्रीय भागीदारी है | कार्यकारी प्राचार्य डॉ. एस.एन. राम ने स्वयं सेवको को सम्बोधित करते हुए बताया कि शिक्षित युवा वर्ग अपनी पढ़ाई करने के साथ- साथ समाज सेवा जैसे पुनीत कार्यो में भाग लेता रहे तथा समाज में फैली कुरीतियों और बुराइयों तथा समस्याओं के बारे में जागरुक करता रहे| उनका यह भी मानना है कि छात्र जीवन में न केवल बौद्धिक विकास होता है बल्कि भावी जीवन निर्माण भी होता है| डॉ. मनोज यादव ने छात्रो को बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्धान्त वाक्य "मै नही आप" की भावना से जुडा है | इसके द्वारा सामाजिक क्रिया कलापों में अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना है तथा समुदाय के कमजोर वर्गो की सेवा, रचनात्मक कार्यो में हिस्सेदारी, स्वच्छता एवं सफाई के प्रति जागरुकता, दैवीय आपदाओं में मानवता की सेवा जैसे पुनीत कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना प्रत्येक स्वयं सेवको का कर्तव्य है | कार्यक्रम में डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा सहित लगभग 120 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया | जिसमें प्रमुख रूप से राकेश सिंह, सत्यदेव, रजत पटेल सरवेन्द्र कुमार आदि ने सक्रीय भागीदारी रही |

अमर उजाला

कानपुर | बुधवार, 26 सितंबर 2018 5

# राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर कार्यक्रम

अमर उजाला ब्यूरो

बकेवर। जनता कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर कालेज सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पीके राजपूत ने स्वयं सेवकों को बताया कि साल 1969 में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी पर राष्ट्रीय सेवा योजना की आधारशिला रखी गई थी। इसके आज पूरे 49 साल पूरे हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि शुरू में पूरे देश में लगभग 37 विश्वविद्यालयों के 40 हजार स्वयं सेवकों को लेकर राष्ट्रीय सेवा योजना शुरू हुई थी। वर्तमान में भारत में 396 विश्वविद्यालय, 47 परिषद, 20 प्रशिक्षण संस्थान, 16,331 महाविद्यालयों व तकनीकी संस्थान में कुल 39 लाख स्वयं सेवकों की सक्रिय भागीदारी है।


कार्यकारी प्राचार्य डॉ. एसएन राम ने बताया कि शिक्षित युवा वर्ग अपनी पढ़ाई करने के साथ-साथ समाज सेवा जैसे पुनीत कार्यों में भाग लेता रहे। डॉ. मनोज यादव ने बताया कि योजना का सिद्धांत वाक्य मैं नहीं आप की भावना से जुड़ा है। कार्यक्रम में डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा सहित लगभग 120 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। राकेश सिंह, सत्यदेव, रजत पटेल, सर्वेंद्र कुमार आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

## स्वच्छता मिशन से जुड़ने की अपील

इटावा। राजकीय महिला महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने दूसरा एक दिवसीय शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम अधिकारी रेखा ने 'स्वच्छता ही सेवा है' नारे के साथ इसको अपनाने का आह्वान किया। स्वच्छता को मिशन मानकर आज के शिविर में महाविद्यालय क्रीड़ा प्रभारी और सहायक प्रोफेसर डॉ. अजय दुबे के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने खेल के मैदान में उग आए खर-पतवार को उखाड़कर साफ किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रिपुदमन सिंह, डॉ. श्यामपाल सिंह, चंद्रप्रभा, डॉ. अमित कुमार, श्यामदेव यादव और सपना वर्मा आदि ने सहयोग दिया।




कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पी.के. राजपूत, डॉ. एस.एन. राम, डॉ. मनोज यादव, डॉ. संजीव कुमार व डॉ. संजय विश्वकर्मा



राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस कार्यक्रम में प्राध्यापक व गण छात्र

# "स्वच्छता ही सेवा है"कार्यक्रम

आयोजित तिथि 25- 09 - 2018

जनता कालेज बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान "स्वच्छता ही सेवा है"कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया | स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम महात्मा गाँधी जयन्ती के 150 वर्ष पूरे होने पर मनाया जा रहा है जो कि पूज्य बापू जी के प्रति सच्ची निष्ठा है | राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पी. के. राजपूत ने
इस स्वच्छता अभियान के तहत कालेज परिसर में स्थिति औषधीय वाटिका, प्रशासनिक भवन के आस-पास, व कालेज के प्रवेश द्वार आदि स्थानो पर बृहद सफाई अभियान चलाया गया | उन्होने यह भी बताया कि स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में प्रत्येक नागरिक तथा छात्र- छात्राओं का सामूहिक दायित्व है और हर व्यक्ति अपनी-अपनी नैतिक जिम्मेदारी का पालन करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरुक रहे तो यह अभियान पूर्णतः सफल सिद्ध होगा | कार्यकारी प्राचार्या डॉ. नलिनी शुक्ला ने स्वयं सेवको को उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि पालीथिन का प्रयोग पूर्णतः निषेध हो तथा बायोडिग्रैडेबिल थैलो का प्रयोग किया तथा इनका निस्तारण एवं कूडा-कचरा डालने डालने हेतु कूड़ दान का प्रयोग किया जाए | कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ एस. एन. राम ने स्वच्छता अभियान पर छात्र -छात्राओं को सम्बोधित किया | वरिष्छ प्राध्यापक डॉ. ए. के पाण्डेय ने स्वयं सेवकों को बताया कि महाविद्यालय में कही भी कागज, गन्दगी आदि ने फैलाए तथा कही भी हानिकारक गाजर घास आदि दिखाई दे तो उसे समूल नष्ट कर दें | क्योंकि यह खरपतवार मनुष्यों में कई प्रकार की घातक बीमारियों जैसे दाद-खुजली व खासी-दमा का कारक होती है | डॉ. संजय विश्वकर्मा ने रेड क्रास सोसाइटी तथा रक्त दान महादान के बारे में बताया | डॉ. मनोज यादव ने अन्य प्राध्यापको के साथ कैम्पस में उगे विभिन्न खरपतवारो, दूबघास, गाजर घास, मौसमी खरपतवार को फावडे, खुरपी, दराती के सहायता से समूल एकलित खरपतवारों को खाद के गढ्ढो में डलवाया | इस कार्यक्रम में डॉ. संजीव कुमार, डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. इन्दुबाला, डॉ आनन्द सिंह सहित लगभग 130 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया |




कार्यक्रम अधिकारी डॉ.पी.के. राजपूत, कार्यकारी प्राचार्या डॉ.नलिनी शुक्ला, डॉ.ए.के. पाण्डेय, डॉ.एस.एन. राम व डॉ. मनोज यादव



स्वयं सेवको द्वारा स्वच्छता अभियान


## स्वच्छता जन जागरूकता गोष्ठी

आयोजन तिथि- 26.09.2018

जनता कालेज बकेवर राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई ने कालेज परिसर में स्वच्छता,अभियान गाजर घास उन्मूलन तथा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन पखवाड़ा के अन्तर्गत किया गया। कालेज के 115 स्वयं सेवकों ने कालेज के मुख्य द्वार पर तथा कालेज परिसर प्रशासनिक भवन के आप-पास गाजर घास एवं अन्य खरपतवारों को नष्ट किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.पी.के. राजपूत ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए यह बताया कि गाजर घास एवं अन्य हानिकारक खरपतवारों के कारण मनुष्यों में कई प्रकार बीमारियां जैसे दमा, खाज खुजली,खांसी आदि होने लगती है। यह हानिकारक गाजर घास 1950 के दशक में अमेरिका से आयातित गेंहू के साथ भारत में आई जो अत्यत हानिकारक है। इस हानिकारक घास के उन्मूलन का सबसे व्यवहारिक तरीका पहले उखाड़ो फिर जलाओ द्वारा समूल नष्ट किया जा सकता है। प्राचार्य डॉ.एम.पी.यादव ने कहा कि स्वच्छता के प्रति प्रत्येक नागरिक को जागरूक होना अति आवश्यक है। यदि प्रत्येक नागरिक अपने अपने कर्तव्यों का पालन करे। कूड़ा कचरा डालने के लिए कूड़ेदान का प्रयोग करें, तथा फेकने वाली वस्तुओं का सही जगह निस्तारण करें। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन को तभी सफले बनाया जा सकता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की सदस्य डॉ. ईशा यादव डॉ.डी.जे.मिश्रा डॉ.एम.पी.सिंह, इंजी दुष्यन्त चतुर्वेदी आदि प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।



*कालेज परिसर में वृहद सफाई अभियान में स्वयं सेवकगण, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.पी.के.राजपूत, डॉ.एम.पी.सिंह व इंजी दुष्यन्त चतुर्वेदी*



राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 2018-19 जनता कालेज, बकेवर (इटावा)

## सफाई अभियान (स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम)

आयोजन तिथि- **01.10.2018**

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बकेवर द्वारा कालेज परिसर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। जिसमे राष्ट्रीय स्वयं सेवको ने कालेज परिसर को कैन्टीन, प्रशासनिक भवन के आगे - पीछे वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.पी.के.राजपूत के दिशा-निर्देशन में एन.एस.एस.के स्वयं सेवकों द्वारा वृहद सफाई अभियान कालेज परिसर में चलाया गया। जिसमें प्रमुख रूप से कालेज के प्रवेश द्वार,डेयरी फार्म के निकट तथा क्रीडा प्राग्रण में स्वयं सेवकों द्वारा सफाई की गयी। प्राचार्य डॉ.महेश प्रसाद यादव ने स्वयं सेवकों से कहा कि स्वच्छता सभी नागरिकों का सामूहिक दायित्य है। और यदि हर व्यक्ति अपनी-अपनी नैतिक जिम्मेदारी एवं कर्तब्यो का पालन करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक रहे। स्वच्छता अपने आप कायम रहेगी। डॉ.ईशा यादव ने स्वयं सेवकों को बताया कि भारत के प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी की पहल से 2 अक्टूबर 2014 से स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की गयी जिसके परिणाम स्वरूप स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा हैं। भारत सरकार द्वारा इस अभियान का लक्ष्य 2 अक्टूबर 2019 तक स्वच्छ भारत मिशन पूर्ण होने की आशा हैं। इस स्वच्छता मिशन पखवाड़े के अन्तर्गत कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेगे। इसमे लगभग 125 स्वयं सेवकों द्वारा भाग लिया गया। इस कार्यक्रम में डॉ.डी.एन.सिंह,डॉ.एम.पी.सिंह,सभासद रतन कठेरिया आदि ने भाग लिया।



*स्वच्छ भारत मिशन पखवाड़ा के अन्तर्गत वृहद सफाई अभियान*



*स्वच्छ भारत मिशन पखवाड़ा के अन्तर्गत वृहद सफाई अभियान*

# राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती कार्यक्रम

आयोजित तिथि 02- 10 - 2018

जनता कालेज बकेवर, इटावा मे आज राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की 150वी एव देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया | कार्यक्रम में कालेज के प्राचार्य एवं सभी प्राध्यापकों ने गाँधी जी तथा श्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर मालार्पण किया | कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कालेज के प्राचार्य डॉ. एम. पी. यादव जी ने गाँधी जी के महात्मा होने के बारे में प्रकाश डाला तथा साथ ही उनके स्वदेशी वस्तुओं, ग्रामोद्योग, स्वच्छता एवं भाई- बन्धुत्व के विचारो पर विस्त्तृत मार्ग दर्शन किया |कालेज के कृषि संकाय के डीन डॉ ए.के पाण्डेय जी ने गाँधी जी के सत्य अहिंसा परमो धर्मः के बारे में सम्बोधन किया | डॉ. एम. पी. सिंह जी ने सामाजिक व्यवस्था एवं गाँधी जी के विचारों पर सम्बोधित किया | उन्होने बताया कि स्वच्छ भारत तभी हो सकता है कि जब यहाँ के प्रत्येक नागरिक की आन्तरिक एवं बाह्य मानसिकता स्वच्छ होगी | कार्यक्रम के आयोजक डॉ. पी. के राजपूत जी ने स्वयं सेवको को बताया कि महात्मा गाँधी की 150 वीं जयन्ती के अवसर पर 02 अक्टूबर पर उन्हे अपने-अपने अन्दर मनन करने की आवश्यकता है | कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम सहयोगी डॉ. मनोज यादव ने किया | इन्होने "जय जवान जय किसान" नारे के उद्बोधन से कार्यक्रम की शुरुआत की | कार्यक्रम के समापन के बाद एक बृहद स्वच्छता जन जागरुकता रैली का आयोजन किया गया जिसमे प्राचार्य डॉ. एम.पी. यादव द्वारा रैली को हरी झण्डी देकर रवाना किया गया| यह स्वच्छता जन जागरुकता रैली कालेज के थाना द्वार से होकर इटावा रोड होते हुए लखना रोड कस्बा भ्रमण करते हुए कालेज के द्वार संख्या 2 से अन्दर आकर समापन किया गया | इस कार्यक्रम में सभी प्राध्यापक, शिक्षणोत्तर क्रमचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे |

अमर उजाला | इटावा | amarujala.com | कानपुर | बुधवार, 3 अक्तूबर 2018

# सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर बने महात्मा

## जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया

अमर उजाला ब्यूरो

इटावा। स्वाधीनता आंदोलन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। [illegible]

कलक्ट्रेट परिसर में [illegible] राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। [illegible]



स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी जे ने सम्मानित किया। अमर उजाला


[illegible]

## ताखा क्षेत्र में भी हुए सांस्कृतिक आयोजन


[illegible]

## सद्भावना व एकता से होती है प्रगति: सीडीओ

[illegible]



कालेज के प्राचार्य डॉ. एम. पी. यादव, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पी.के. राजपूत, डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. ए.के. पाण्डेय, डॉ.एस.एन. राम डॉ. एम. पी. सिंह व डॉ. मनोज यादव



छात्र-छात्राएं राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती कार्यक्रम मनाते हुए


# मतदाता जागरुकता गोष्ठी व रैली का हुआ आयोजन

आयोजित तिथि 08- 10 - 2018

जनता कालेज बकेवर, इटावा में भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे "मतदाता जागरुकता अभियान" कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय में "मतदाता जागरुकता गोष्ठी" का आयोजन किया गया | गोष्ठी का संचालन कर रहे डॉ. एम. पी. सिंह ने वोट बनाने के बारे में नियम बताया | उन्होने कहा कि जिन विद्यार्थियों की उम्र 1जनवरी 2019 को 18 वर्ष पूर्ण होगी वह सभी विद्यार्थी प्रारूप 6 पूर्ण कर आवश्यक पत्रावली सहित कालेज के निर्वाचन डेस्क पर जमा कर दें| साथ ही संशोधन के लिए प्रारूप 8 पूर्ण कर पटल पर जमा कर दें| गोष्ठी की अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य डॉ. एम. पी. यादव ने किया | उन्होने गोष्ठी के मुख्य उद्देश्यों को भी बताया | इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ पी. के. राजपूत ने कहा की वोट हमारा अमूल्य अधिकार है| इसके प्रति संवेदनशील बने| उपस्थित बी.एल.ओ. ने निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रकाश डाला| गोष्ठी के समापन के बाद एक बृहद मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें कालेज प्राचार्य डॉ. एम.पी. यादव द्वारा रैली को हरी झण्डी देकर रवाना किया गया| यह मतदाता जागरुकता रैली कालेज के थाना द्वार से होकर इटावा रोड होते हुए भरथना रोड कस्बे की बस्तियों का भ्रमण किया| भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मतदान के प्रति जागरुकता एवं मतदान प्रेरक नारे लगाये | रैली का समापन कालेज के द्वार संख्या 2 से अन्दर आकर किया गया | इस कार्यक्रम में सभी प्राध्यापक, शिक्षणोत्तर क्रमचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे |




मतदाता जागरुकता अभियान" कार्यक्रम के अन्तर्गत "मतदाता जागरुकता गोष्ठी" का आयोजन



मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन

# छात्रों ने बताया मतदान का महत्व

अमर उजाला ब्यूरो

बकेवर (इटावा)। भारत सरकार के मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को जनता महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके लिए कस्बे के प्रमुख मार्गों पर महाविद्यालय के छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों की उम्र एक जनवरी 2019 को 18 वर्ष पूरी होगी, वह सभी विद्यार्थी फारम छह पूर्ण कर आवश्यक प्रपत्रों सहित कालेज के निर्वाचन डेस्क पर जमा कर दें। गोष्ठी की अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य डॉ रमेश यादव ने की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ पीके राजपूत ने कहा कि वोट हमारा अमूल्य अधिकार है। गोष्ठी के समापन के बाद जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसमें कालेज प्राचार्य डॉ रमेश यादव द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली का समापन कालेज के द्वार संख्या दो से अंदर आकर किया गया। इस कार्यक्रम में सभी प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे। जहां इसका संचालन डॉ रमेश सिंह द्वारा किया गया।



मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली रैली। अमर उजाला



मतदाता जागरूकता गोष्ठी में छात्र-छात्राएं। अमर उजाला

# महर्षि वाल्मीकि जी की जयन्ती के कार्यक्रम का आयोजन

आयोजित तिथि 24- 10 - 2018

जनता कालेज बकेवर, इटावा में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा व्यायामशाला में आज शरद पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि जी की जयन्ती के कार्यक्रम का आयोजन हर्षोउल्लास के साथ किया गया |इस कार्यक्रम में कालेज के प्राचार्य, डॉ. एम. पी. यादव,राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पी. के. राजपूत एवं सभी प्राध्यापकों ने महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किये | कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कालेज के प्राचार्य डॉ. एम. पी. यादव जी ने महर्षि वाल्मीकि जी के संक्षिप्त जीवन परिचय के बारे में बताया | कालेज के कृषि संकाय के डीन डॉ ए. के. पाण्डेय जी ने महर्षि वाल्मीकि के व्यक्तित्व के बारे में प्रकाश डाला और बताया कि महर्षि जी राम भक्ति में कैसे लीन हुए | डॉ. अश्विनी मिश्रा ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला तथा उनके द्वारा सर्वप्रथम श्लोक का पाठ्य किया | डॉ. एम. पी. सिंह जी ने रत्नाकर से वाल्मीकि बनने के पूरे जीवन घटना क्रम को प्रकाशमय किया तथा उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम नारी आश्रय एव नारी सम्मान जैसे उत्तम कार्य के महर्षि जी जनक थे | राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पी. के राजपूत जी ने मंच का सफल संचालन किया तथा महर्षि की कर्म स्थली ब्रम्हावर्त बिठूर में उनके द्वारा लव-कुश की बाल लीलाओं का चित्रण एवं कथानको का वर्णन किया | कार्यक्रम में डॉ. डी. जे. मिश्रा ने भी महर्षि जी के जीवन उत्थान के बारे में विस्तृत जानकारी दी | राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक धर्मेन्द्र पाण्डेय, विवेक कुमार एवं कु. पूर्णिमा पोरवाल आदि ने गीत गाया | इस कार्यक्रम में सभी प्राध्यापक, प्राध्यापिकायें, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक मौजूद रहे |


कानपुर | मंगलवार, 9 अक्तूबर 2018 3

# धूमधाम से मनाई गई वाल्मीकि जयंती




## महर्षि वाल्मीकि के जीवन के बारे में बताया

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर [illegible] में शरद पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनायी गई। कॉलेज के [illegible] महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। अध्यक्षता कर रहे डॉ. [illegible] ने उन्होंने बताया कि [illegible] कार्य के [illegible] रामायण की रचना की। [illegible] डॉ. [illegible] मिश्रा, छात्र [illegible] कुमार [illegible] आदि उपस्थित थे।



कालेज के प्राचार्य डॉ. एम. पी. यादव, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पी.के. राजपूत, डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. ए.के. पाण्डेय, डॉ.डी.एन. सिंह व डॉ. एम. पी. सिंह



छात्र-छात्राएं महर्षि वाल्मीकि जी की जयन्ती का कार्यक्रम मनाते हुए

# राष्ट्रीय एकता दिवस

आयोजित तिथि 31- 10 - 2018

जनता कालेज, बकेवर, इटावा में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा आज सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इन्दिरा गाँधी की पुण्य तिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया | कार्यक्रम में प्राचार्य एवं सभी प्राध्यापकों नें पुष्पार्पण कर नमन किया | कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कालेज के प्राचार्य डॉ. एम.पी. यादव ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी व आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इन्दिरा गाँधी की जीवन परिचय के बारे में बताया | राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी व कार्यक्रम संचालक डॉ. पी. के. राजपूत जी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जीवन परिचय करते हुए बताया कि पटेल जी का जन्म नडियाद गुजरात मे लेवा गॉव के कृषक परिवार में हुआ था | इनके पिता झवेर भाई पटेल व माता लाडवा देवी की चौथी सन्तान थे | इन्होने लन्दन में जाकर वैरिस्टर की पढाई करने के बाद अहमदाबाद में वकालत करने लगे | आजादी के बाद प्रथम ग्रहमंत्री व उप- प्रधानमंत्री बने | वारडौली सत्याग्रह का नेतृत्व कर रहे पटेल जी सत्याग्रह की सफलता के बाद महिलाओं ने उन्हे सरदार की उपाधि दी |उन्होने बताया कि पटेल जी ने 562 रियासतों को मिलाकर अखण्ड भारत का निर्माण किया इस लिए इनको भारत का बिस्मार्क और लौह पुरूष भी कहा जाता है | कृषि संकाय के डीन डॉ. ए. के. पाण्डेय ने बताया कि सरदार जी के कारण ही अखण्ड भारत का निर्माण हुआ जो कि विभिन्न रियासतों में बिखरे भारत के भू राजनीतिक एकीकरण में केन्द्रीय भूमिका निभाई तथा बताया कि वारदोली सत्याग्रह के सफलता के बाद ही राजनीति में महिलाओं प्रवेश कराया | उन्होने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गॉधी के बारे मे बताया कि वे रणचण्डी थी जिन्होने पूर्वी पाकिस्तान का मामला सदा के लिए खत्म करा दिया था | डॉ. पाण्डेय ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सन् 31 अक्टूबर 2014 से राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने की शुरुआत की | कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ एवं एकता दौड़ ( Run for Unity) का आयोजन किया गया | इस कार्यक्रम में सभी प्राध्यापक, शिक्षेणतर क्रमचारी एवं छात्र-छात्राए उपस्तिथि रहे |

# जिले भर में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती


इटावा | हिन्दुस्तान संवाद

देश के पहले गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पूरे जिले में हर्षोल्लास से मनाई गई। रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कई स्थानों पर गोष्ठियां हुई। इसके साथ ही एकता का संकल्प भी दिलाया गया।

जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा की ओर से रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर में पक्का तालाब चौराहे से शास्त्री चौराहे तक, भरथना विधानसभा में बकेवर रोड से लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा तक तथा जसवंतनगर में भाजपा कार्यालय से रेल मंडी तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शहर में सदर विधायक सरिता भदौरिया व भरथना में विधायक सावित्री कठेरिया तथा जसवंतनगर में लोकसभा के संयोजक श्रीकांत पाठक विशेष रूप से मौजूद रहे। भरथना के कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष हरिओम दुबे, व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक प्रशांत राव चौबे, चरन सिंह चक, प्रभाकर गुप्ता, बृजमोहन मिश्रा, श्रीभगवान पोरवाल, बद्री चौधरी, प्रमोद गुप्ता, नेक्सेपोरवाल, आम्बरीश दिवाकर, ओमप्रताप्रसोर उपस्थित रहे। इन कार्यक्रमों में अजय धाकरे, अनु गुप्ता, कृपानारायन तिवारी, विकास भदौरिया, विवेक भदौरिया, वीरेंद्र बघेल, शिवाकांत चौधरी, बासु चौधरी, रघुवीर तिवारी, संजीव राजपूत, जितेंद्र जैन, अशोक चौबे, विनीता गुप्ता, बिरला शाक्य, ज्योति वर्मा, निधि पाल, शरद वाजपेई, प्रभात दीक्षित, रजत चौधरी, सागर दुबे, गिरधर दीक्षित, जितेंद्र गौड़, परेश दीक्षित, सत्यम राजपूत, राहुल राजपूत, शिवेंद्र सिंह, मोनू, विवेकानंद पाठक आदि मौजूद रहे।

पटेल जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी में मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। इस मैराथन को जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी जे. व एसएसपी अशोक कुमार त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मैराथन ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स स्टेडियम से रवाना हुई। मैराथन को स्वच्छ भारत मिशन व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ द्वारा स्पोंसर किया गया था। सभी को प्रिंटेड टीशर्ट भी उपलब्ध कराई गई थी। इस मैराथन में पुरुष वर्ग में 228 तथा महिला वर्ग में 132 प्रतिभागियों ने हिस्सेदारी की। प्रतिभागियों को डीएम व एसएसपी ने सम्मानित किया। इस मौके पर सीडीओ पीके श्रीवास्तव, एएसपी रामबदन सिंह, एएसपी रामयश सिंह, एएसपी महेश सिंह अत्री, सीएमओ डॉ. अखिल कुमार अग्रवाल, एसडीएम सदर सिद्धार्थ, सिटी मजिस्ट्रेट सतेंद्रनाथ शुक्ला व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



प्राथमिक विद्यालय सुखाताल में बच्चों को संकल्प दिलाते प्रधानाचार्य रमेशचंद्र।



जनता कॉलेज में पटेल जयंती मनाते शिक्षक व छात्र।

## गांवों में भी पटेल जयंती पर हुए कार्यक्रम

बकेवर/ऊसराहार/उदी | हि.सं.

शहरी क्षेत्र के साथ-साथ जिले के कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों में भी सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें क्षेत्रीय लोगों व स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

जनता कालेज बकेवर में सरदार पटेल का जन्म दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। यहां पर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एमपी सिंह ने लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. पीके राजपूत ने बताया कि पटेल जी ने 562 रियासतों को मिलाकर अखंड भारत का निर्माण किया। इसलिए इनको भारत का लौह पुरुष भी कहा जाता है। कृषि संकाय के डीन डॉ. एके पांडेय समेत प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

इसी प्रकार ऊसराहार में ब्लाक कांग्रेस कमेटी ताखा के कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ब्लाक अध्यक्ष संदीप कुमार लाल, जसवंतनगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष फिरदौस वारिस, रफीक मोहम्मद, गोविन्द रावत, जितेंद्र मुन्ना, रामदास, विमलेश कठेरिया, शीला देवी, सत्यनारायण, जान मोहम्मद, निर्भय शुक्ला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उदी में विकास खंड बढ़पुरा के प्राथमिक विद्यालय सुखाताल में प्रधानाचार्य रमेश चंद्र ने बल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि को राष्ट्रीय संकल्प दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।

### सेवादल ने किया रक्तदान

इटावा। शहर कांग्रेस सेवा दल ने लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर सेवा दल के अध्यक्ष सरवर अली, समेत शहर उपाध्यक्ष मुबारक अली, सुशील कुमार नारायण आदि ने रक्तदान किया। इस मौके पर प्रेम शंकर शर्मा, शहर अध्यक्ष मो. राशिद, प्रेमकिशोर त्रिवेदी, कफ़ल कुरैशी, हसमुद्दीन, सरवर, साबिर खान, अनीशा अली, असीम अंसारी, सोनू दिवाकर, अरमान अहमद, कासिम अली आदि मौजूद रहे।

### यह रहे मैराथन के विजेता

| स्थान | महिला वर्ग | पुरुष |
|---|---|---|
| ■प्रथम | मनोरमा | लालबिहारी |
| ■द्वितीय | शबा बानो | धर्मेंद्र कुमार |
| ■तृतीय | कुसुम मौर्य | शुभम यादव |
| ■चतुर्थ | सावना | गौरव राना |
| ■पंचम | शकुंतला | गोयल कुमार |
| ■षष्ठम | वंदना कुमारी | अजय कुमार |

### सीडीओ ने रोगियों को दी खाद्य सामग्री

इटावा। विकास भवन सभागार में सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। सीडीओ पीके श्रीवास्तव, डीडीओ प्रमोद कुमार, पीडी उमाकांत त्रिपाठी ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

### सरदार पटेल देश के पहले किसान नेता: अंकुर

इटावा। सरदार पटेल देश के पहले किसान नेता थे। उन्होंने देश की एकता बनाए रखने के साथ ही किसानों के हित में कार्य किया। देश के नौजवान व किसान चाहते थे कि सरदार पटेल पहले प्रधानमंत्री बनें। लेकिन कुछ गलत नीतियों के कारण ऐसा नहीं हो सका। यदि सरदार पटेल प्रधानमंत्री बनते तो देश की दशा कुछ और होती। इस मौके पर केके यादव, दीपक भदौरिया, बृजेंद्र यादव, रविंद्र दुबे, फरहान शकील, मनीष यादव, आलोक पटेल आदि रहे।




सरदार बल्लभ भाई पटेल जयन्ती डॉ.एम.पी.यादव,डॉ अशोक कुमार पाण्डेय, डॉ.पी.के.राजपूत, डॉ.डी.एन. सिंह



सरदार बल्लभ भाई पटेल जयन्ती डॉ.एम.पी.यादव,डॉ अशोक कुमार पाण्डेय, डॉ.पी.के.राजपूत, डॉ.डी.एन. सिंह




सरदार बल्लम भाई पटेल जयन्ती के अवसर पर मंचासीन डॉ.देव नारायण, डॉ.नलिनी शुक्ला,




सरदार बल्लम भाई पटेल जयन्ती के अवसर पर रैली के अवसर पर डॉ.अशोक कुमार पाण्डेय, डॉ.एम.पर. सिंह,डा.पी.के.राजपूत

हिन्दुस्तान कानपुर • गुरुवार • 01 नवम्बर 2018 • 04



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते प्राचार्य डा. रिपुदमन सिंह।

# खो-खो प्रतियोगिता में बकेवर की टीम बनी विजेता

बकेवर। जनता कालेज में अंतर्महाविद्यालयी पुरुष वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायतीराज महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिपुदमन सिंह का क्रीड़ाध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह ने स्मृति चिह्न व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

क्रीड़ा अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह ने सरदार बल्लभ भाई पटेल व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए खेल से छात्र की सार्वभौमिक एवं सर्वांगीण विकास की धारणा को समझाया। प्रतियोगिता के निर्णायक मैच में जनता कालेज बकेवर की टीम विजेता बनी। जबकि जनता महाविद्यालय अजीतमल की टीम उपविजेता रही। संचालन निर्णायक मंडल होशियार सिंह राजपूत ने किया। इस मौके पर इन्द्रपाल सिंह गुर्जर, भूपदीप सिंह बघेल, अजय प्रताप सिंह, आशू पाल, विवेक भारती, मो. जाहिद, डा. एके पांडेय, डॉ. डीएन सिंह, डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. एसएन राम, डॉ. मनोज यादव आदि मौजूद रहे।

## एक दिवसीय स्वच्छता जागरूकता शिविर

दिनांक 15/11/2018 को एक दिवसीय स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा. पी. के. राजपूत, डॉ. मनोज यादव की देखरेख में कालेज परिसर, प्रशासनिक भवन के आसपास तथा एन. एस. एस. की औषधीय वाटिका की साफ–सफाई आदि स्वयं सेवकों द्वारा कराई गई।

इस स्वच्छता अभियान के तहत कालेज परिसर में स्थिति औषधीय वाटिका, प्रशासनिक भवन के आस-पास, व कालेज के प्रवेश द्वार आदि स्थानो पर बृहद सफाई अभियान चलाया गया। उन्होने यह भी बताया कि स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में प्रत्येक नागरिक तथा छात्र- छात्राओं का सामूहिक दायित्व है और हर व्यक्ति अपनी-अपनी नैतिकजिम्मेदारी का पालन करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरुक रहे तो यह अभियान पूर्णत: सफल सिद्ध होगा।





राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र कालेज परिसर की सफाई करते हुए




राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र कालेज परिसर की सफाई करते हुए

**स्व. श्रीमती इन्दिरा गाँधी की जयन्ती**

दिनांक 19/11/2018 को स्व. श्रीमती इन्दिरा गाँधी की जयन्ती सेमिनार हाल में बडे धूम–धाम से मनाई गई इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एम. पी. यादव ने आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री जो कि 3–3 बार भारत की प्रधानमंत्री रहीं के जीवन वृत्त पर विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पी. के. राजपूत, डॉ. डी. एन. सिंह, डॉ. ए. के. पाण्डेय, डॉ. एम. पी. सिंह, डॉ यू. के. मिश्र, डॉ.ललित गुप्ता, डॉ.मनोज कुमार यादव, डॉ. ए. पी. सिंह आदि उपस्थित रहे।



पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी की जयन्ती के अवसर पर माला डालते हुए प्राध्यापकगण



पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी की जयन्ती के अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राएं एवं प्राध्यापकगण

# विश्व एड्स दिवस

आयोजित तिथि 01- 12 - 2018

जनता कालेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया | एड्स जन जागरूकता रैली का शुभारम्भ कालेज के प्राचार्य डॉ. एम.पी. यादव द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया | राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पी.के. राजपूत ने स्वयं सेवकों को रवाना करने के पूर्व यह बताया कि विश्व में 2.5 करोड़ लोग अब तक इस बीमारी से मर चुके है| और करोड़ो लोग अभी भी इस बीमारी से प्रभावित है| एड्स रोगी अफ्रीका में पहले स्थान पर है तथा भारत दूसरे स्थान पर है जहॉ 1.25 लाख मरीज है | तथा प्रतिदिन इनकी संख्या बढती जाती है | भारत में पहला एड्स रोगी 1986 में मद्रास में पाया गया था | एड्स का मतलब एक्वायर्ड इम्यूनो डिफिशिएंसी सिड्रोम है | एड्स का पता सर्वप्रथम न्यूयार्क में 1981 में चला | एड्स बीमारी असुरक्षित यौन सम्बन्धो, संक्रमित खून से, संक्रमित सुई से तथा संक्रमित मॉ से बच्चे में होता है| जन जागरूकता रैली का शुभारम्भ कालेज के लखना गेट से प्रारम्भ होकर बकेवर चौराहा होकर कालेज के मेनगेट थाना के अन्दर जाकर समाप्त हुई | जन जागरूकता रैली मे स्वयं सेवको तथा छात्र-छात्राओं ने प्रेरणादायक तथा जागरूकता के नारे लगाये | स्वयं सेवको ने कस्बा वासियों को एड्स के प्रति जागरूक करने तथा एड्स के बचाव के तरीके सुझाये | इस अवसर पर कालेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. एस.एन. राम, डॉ.ए.के. पाण्डेय, डॉ. डी.एन. सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. एम.पी. सिंह, डॉ.आदित्य कुमार, डॉ. मनोज यादव, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ. इन्दुवाला मिश्रा सहित अनेक प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकायें तथा भारी संख्या में स्वयं सेवक, छात्र-छात्राएं शामिल हुए|

इटावा | आस-पास | हिन्दुस्तान • कानपुर • रविवार • 02 दिसम्बर 2018 • 04

# लोगों ने हस्ताक्षर कर 'नो योर टस' पर सहमति जताई

## विश्व एड्स दिवस

इटावा | हिन्दुस्तान संवाद

विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में ... स्वास्थ्य केन्द्र ... में एक ... शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारम्भ जिला क्षयरोग अधिकारी डा. हरनाम सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अमरेश प्रसाद व ... उमेश पटेल ने फीता काटकर किया। ... जिला अस्पताल में प्रभातफेरी भी ... की गई जिसमें एड्स के ... एवं रोकथाम पर चर्चा की गई। इस मौके पर जिला क्षयरोग अधिकारी डा. हरनाम सिंह ने कहा कि ... तथा एनजीओ द्वारा जनपद में जागरुकता अभियान चलाकर एचआईवी एड्स पीड़ितों के प्रति ... सद्भाव और लोगों की मिलाकर ... स्थापित किए। जिससे एचआईवी एड्स पीड़ित लोग ... बनकर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें। इससे पूर्व जिला एड्स रोकथाम एवं नियंत्रण इकाई द्वारा हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। जिसमें विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों ... नगर के नागरिकों ने हस्ताक्षर कर नो योर टस पर सहमति जाहिर की। इस अवसर पर 153 लोगों की परामर्श दिया, 25 लोगों की एचआईवी की जांच की गयी।

... जिला अस्पताल के सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीएमएस डा. एसएस ...रिया ने की। डीपीएम ... तिवारी ने कहा कि एचआईवी/एड्स हमारे देश ... एक ऐसी ज्वलन्त समस्या है जिसका कोई उपचार नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए केवल लोगों का जागरुक होना ही आवश्यक है। भारत में पहला केस सन् 1986 में तथा उत्तर प्रदेश में पहला केस सन् 1987 में पाया गया। सन् 1992 में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया तथा उत्तर प्रदेश में एड्स सेल का गठन किया गया। इस अवसर पर सौरभ तिवारी, अभिषेक कुमार, अजय कुमार कौशल, डीपीसी कंचन तिवारी, जिला ... कोऑर्डिनेटर निर्मल सिंह, विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

विधिक सेवा प्राधिकरण में लगाया कैम्प इटावा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस पर एक कैम्प जिला अस्पताल में आयोजित किया गया। इस कैम्प में आमजनमानस के साथ मरीजों को एचआईवी एड्स के विषय में जानकारी दी गई और बचाव के उपाय भी बताए गए। कैम्प की अध्यक्षता सीएमएस डॉ. एसएस ...रिया ने की। इस मौके पर कई लोग रहे।



...स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते डीटीओ डॉ. हरनाम सिंह। • हिन्दुस्तान



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्राचार्य डा. एमपी यादव। • हिन्दुस्तान

## एनएसएस के स्वयंसेवकों ने निकाली जागरुकता रैली

बकेवर। जनता कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक जन जागरुकता रैली निकाली। रैली का शुभारम्भ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एमपी यादव हरी झण्डी दिखाकर किया। कार्यक्रम अधिकारी डा. पीके राजपूत ने स्वयं सेवकों को बताया कि विश्व में 2.5 करोड़ लोग अब तक इस बीमारी से मर चुके हैं और करोड़ों लोग अभी भी इस बीमारी से प्रभावित हैं। एड्स में अफ्रीका में पहले स्थान पर है तथा भारत दूसरे स्थान पर है। जहाँ 1.25 लाख मरीज हैं, तथा प्रतिदिन इनकी संख्या बढ़ती जा रही है। यह रैली बकेवर, औरैया आदि क्षेत्रों में होती हुई कॉलेज में पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर डा. ... दुबे, डा. एसएन ..., डा. ..., डा. ... सिंह, डा. ... डा. ... सिंह, डा. ... कुमार, डा. मनोज यादव आदि रहे।



छात्राओं के साथ जागरुकता फैलाते रेडक्रास के पदाधिकारी। • हिन्दुस्तान

## आधुनिक युग का जानलेवा रोग है एड्स

इटावा। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसाइटी ने जिलाधिकारी ... कुमारी जे. के निर्देशन में ... महिला महाविद्यालय में जाकर छात्राओं को एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरुक किया। इस मौके पर रेडक्रास के चेयरमैन डा. केके सक्सेना ने कहा कि एड्स आधुनिक युग का एक बहुत गंभीर और जानलेवा रोग है जिसके ... व्यक्ति की प्रतिरोधक शक्ति कम हो जाती है। ... जैन ... ने कहा कि ... एड्स एक ... बीमारी है। प्राचार्य डा. ... ने बताया एचआईवी संक्रमण की वजह से होने वाली बीमारी के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में ..., डा. आशीष दीक्षित, ... तिवारी, डा. ..., डा. रेखा, डा. अजय दुबे आदि रहे।




एड्स जन जागरूकता रैली का शुभारम्भ कालेज के प्राचार्य डॉ. एम.पी. यादव द्वारा हरी झण्डी दिखातेहुए।




जन जागरूकता रैली मे स्वयं सेवको तथा प्राध्यापक, प्राध्यापिकायें

## मतदाता जागरुकता क्लब कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता स्लोगन

## प्रतियोगिता

आयोजित तिथि 14- 12 - 2018

जनता कालेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पी.के. राजपूत एवं प्राचार्य डॉ. महेश प्रसाद यादव के दिशा-निर्देशन में मतदाता जागरुकता क्लब कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | जिसमें स्वयं सेवको ने बढ़- चढ़ कर भाग लिया | मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्रभारी डॉ. एम. पी. सिंह ने स्वयं सेवकों को सम्बोधित करते हुए उन्हे बताया कि प्रत्येक छात्र-छात्रा जब 18 वर्ष पूर्ण कर लेता है तो वह अपना-अपना मत अवश्य बनवा लेना चाहिए | प्रत्येक मतदाता को अपने-अपने मत का प्रयोग करना उसका संवैधानिक अधिकार है| स्वयं सेवकों की एक भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया तथा कई स्वयं सेवकों ने अपने विचार प्रस्तुत किये | इस इस कार्यक्रम में कालेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस.एन. राम, डॉ.ए.के. पाण्डेय, डॉ. डी.एन. सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ.आदित्य कुमार, डॉ. मनोज यादव, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा सहित अनेक प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकायें तथा भारी संख्या में स्वयं सेवक, छात्र-छात्राएं शामिल हुए|

# दैनिक जागरण

उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पं. बंगाल से प्रकाशित

पर किए हस्ताक्षर 14 सांता बनकर अस्पताल पहुंचे ओबामा 13

जागरण कानपुर, 21 दिसंबर 2018 दैनिक जागरण


जागरूकता गोष्ठी | मतदान एक भारतीय नागरिक का मूलभूत अधिकार, जो अमूल्य है


## मुखरित हुए मतदाता जागरूकता के स्वर

संवादसूत्र, बकेवर : जनता कालेज में स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता गोष्ठी, मतदाता जागरूकता रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, मतदाता गीत प्रतियोगिता, मतदाता स्लोगन प्रतियोगिता आदि में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया।

मतदाता पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता कालेज की वरिष्ठ प्राध्यापिका डा. नलिनी शुक्ला के निर्देशन में हुई। विद्यार्थियों ने मतदान, मतदाता निर्वाचन पर अपने विचार प्रकट किए। गोष्ठी में विभिन्न विद्यार्थियों ने गायन एवं भाषण द्वारा बताया कि 1 जनवरी 2019 को जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो रही है या 18 वर्ष से अधिक है वे मतदाता बन सकते हैं। मतदान एक भारतीय नागरिक का मूलभूत अधिकार है, जो अमूल्य है। लोकतंत्र में मानव-मानव एक समान, चाहे वह हो नर या नारी सबकी एक ही पहचान।

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. एमपी सिंह ने उपस्थित विद्यार्थियों को मतदान करके अच्छा शासक नियुक्त करने का अधिकार बताया तथा प्रारूप-6 भरकर वोटर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित किया। प्रारूप 6 को पूर्ण करने के तरीके व संलग्नक पत्रावली की जानकारी दी। कहा कि गरीब-अमीर, स्त्री-पुरुष, श्रमिक, राष्ट्रपति सभी के वोट की एक ही कीमत है यानी कि एक समान है। यह अधिकार संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश के नागरिकों को समान रूप से दिया है।

कालेज के प्राचार्य डॉ. एमपी यादव ने मतदान का महत्व समझाया। कहा कि, विद्यार्थी अपने परिवार, गांव में भी जाकर लोगों को जागरूक करने की प्रेरणा दें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डॉ. पीके राजपूत, डॉ. एके पांडेय, डॉ. डीएन सिंह, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. मनोज यादव, डॉ. संजीव कुमार व डॉ. संजय विश्वकर्मा और कई छात्र-छात्राओं ने विचार व्यक्त किए।




कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पी.के. राजपूत एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्रभारी डॉ. एम. पी. सिंह ने स्वयं सेवकों को सम्बोधित करते हुए



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम मे स्वयं सेवको तथा प्राध्यापक, प्राध्यापिकायें

अमर उजाला

कानपुर | शुक्रवार, 21 दिसंबर 2018 | 4



जनता कॉलेज बकेवर में प्रतियोगिता में शामिल हुए छात्र। अमर उजाला

## मतदाता पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें मतदाता जागरूकता गोष्ठी, मतदाता जागरूकता रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, मतदाता गीत प्रतियोगिता, मतदाता स्लोगन प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मतदाता पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें कालेज की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. नलिनी शुक्ला के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ। विद्यार्थियों ने मतदान मतदाता निर्वाचन पर अपने संवैधानिक विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. एमपी सिंह ने व कालेज के प्राचार्य डॉ. एमपी यादव ने मतदान संबंधी महत्ता को समझाया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डॉ. पीके राजपूत और हीपी सकाय डॉ. एके पांडेय, डॉ. डीएन सिंह, डॉ. अनिरुद्ध कुमार, डॉ. मनोज यादव, डॉ. संजीव कुमार व डॉ. संजय विश्वकर्मा ने विचार व्यक्त किए। संवाद

### लोक कला है देश की पहचान

इटावा। देश-विदेश में चित्रों की 39 एकल प्रदर्शनी लगाने वाली और चित्रकला में डी लिट की उपाधि से अलंकृत विश्व की पहली महिला प्रो. डॉ. चित्रलेखा का कहना है कि लोक कला देश की पहचान है। उन्होंने बताया कि वह वर्तमान में मेवाड़ यूनिवर्सिटी चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) में ह्यूमेनिटी, सोशल साइंस और फाइन आर्ट्स की डीन हैं। उन्हें डीलिट की उपाधि से तत्कालीन राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा ने सम्मानित किया था। बताया उनके पढ़ाए 62 छात्र, छात्रा पीएचडी एवं 212 छात्र-छात्रा एम फिल की उपाधि हासिल कर चुके हैं। उन्होंने लोक कलाओं की ओर ध्यान दिए जाने पर जोर दिया। ब्यूरो

Classified small is BIG
7839358040
नशा छुड़ायें
शराब छुड़वाएं
डा. सेठी
9451677143, 9318306729

# नारी शक्तिकरण संकल्प अभियान

आयोजित तिथि 19.12.2019

जनता कालेज बकेवर (इटावा) में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी एवं उ0प्र0 सरकार के निर्देशानुसार आज नारी शक्तिकरण संकल्प अभियान के अर्न्तगत एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारम्भ कालेज के प्राचार्य, डा0 एम0पी0 यादव ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम की संयोजिका विज्ञान संकाय की डीन डा0 नलिनी शुक्ला, विशाखा गाइड लाइन की सदस्या डा0 इन्दूवाला मिश्रा, डा0 ज्योति भदौरिया व साँस्कृतिक कार्यक्रम के संयोजक डा0 पी0के0 राजपूत की देखरेख में रैली निकाली गयी। नारी शसक्तिकरण संकल्प अभियान कालेज के लखना गेट से प्रारम्भ होकर भर्थना चौराहा, बकेवर के अन्दर जन जागरूकता नारे लगाये गये। जिसमें कालेज के विभिन्न संकाय की लगभग 250 छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। छात्राओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटियों को शिक्षित करने, घरों में शौचालयों के निर्माण, तथा भ्रूण हत्या आदि रोकने हेतु विभिन्न प्रकार के रोचक व प्रेरक नारे लगाये।

जैसे- बेटी नहीं बचाओगे, तो वहू कहां से लाओगे।

बेटी घर-घर का वरदान, करना तुम इसका सम्मान।।

जन जागरूकता रैली बकेवर चौराहा होते हुए कालेज के थाने गेट से अन्दर आकर कालेज में समाप्त हुई, इस जन जागरूकता रैली में कालेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डा0 डी0एन0 सिंह, डा0 एम0पी0 सिंह, डा0 आदित्य कुमार, डा0 मनोज कुमार यादव, डा0 संजय कुमार विश्वकर्मा, डा0 संजीव कुमार व अनेक महिला प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

दैनिक जागरण
| 13. | 28.01.2021 | एक दिवसीय शिविर (Environment and Sanitation Awareness) | 21 |
| 14. | 21.01.2021-20.02.2021 | सड़क सुरक्षा माह व्याख्यान ( 23.01.2021), रैली (28.01.2021), मैस्कट डिजाइन' प्रतियोगिता (08.02.2021), 'रंगोली' प्रतियोगिता (09.02.2021) 'क्वीज' प्रतियोगिता (17.02.2021) | 22-27 |
| 15. | 08.03.2021 | अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' | 27-29 |

## 1. पौधरोपण महाकुंभ

**दिनॉक: 17.09.2020**

**जनता कालेज बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिनॉक: 17.09.2020 पौधरोपण महाकुंभ के आयोजन का लक्ष्य रखा गया है जिसमें सभी विभागों, संस्थाओं, स्थानीय निकायों आदि को सम्मलित करते हुए उपरोक्त लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश सरकार द्वारा दिये गए थे।सरकार के उपरोक्त पौधरोपण महाकुम्भ के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप आज दिनाँक 17.09.2020 को जनता कालेज, बकेवर, इटावा में प्राचार्या. डॉ. नलिनी शुक्ला, पौधरोपण समिति संयोजक डॉ. एम. पी. सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ. पी.के. राजपूत, डॉ. ए.के.पाण्डेय, डॉ. डी.एन. सिंह, डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार,डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. ब्रह्मानन्द, डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ. इनदुबाला मिश्रा, डॉ.योगेश शुक्ला, डॉ. डी.जे. मिश्रा, डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह व शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र- छात्राओं ने उत्साह पूर्वक अशोक, करौंदा, नींबू, कटहल, जामुन, आम, यूकेलिप्टस आदि के 250 पौधे रोपित किये । साथ ही सभी लोगो ने शपथ ली कि रोपित पौधों की सभी लोग सुरक्षा करेंगें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महाविद्यालय के शिक्षक ,कर्मचारी व छात्र-छात्रायें एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक उपस्थित रहे।**





**पौधरोपण महाकुंभ का आयोजन**

## 2- राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस


**दिनाँक: 24.09.2020**

जनता कालेज बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस दिनाँक 24 सितम्बर को कालेज में ऑनलाइन मीटिंग द्वारा मनाया गया | कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव ने किया| कार्यक्रम के विशेष अतिथि कालेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी.के. राजपूत जी ने स्वयं सेवको को बताया कि वर्ष 1969 में राष्ट्र पिता महात्मा गॉधी की जन्म शताब्दी के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की आधार शिला रखी गयी थी | जिसके आज पूरे 51 वर्ष पूर्ण हो चुके है | डॉ. राजपूत जी ने बताया कि छात्र-छात्राओं के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना का चिन्तन महात्मा गॉधी व स्वामी विवेकानन्द के विचारों से अनुप्राणित है| इसका प्रतीक चिन्ह कोर्णाक के सूर्य मन्दिर से लिया गया है | जिसमें आठ पहिये बने है जिसका मतलब है कि राष्ट्र हित आठों पहर कार्य किया जा सके व जागरुक रहे| उन्होने बताया कि प्रारम्भ में पूरे देश में लगभग 37 विश्वविद्यालयों के 40000 स्वयं सेवकों को लेकर राष्ट्रीय सेवा योजना का आगाज हुआ था | वर्तमान में भारत में 396 विश्वविद्यालय, 47 परिषद, 20 प्रशिक्षण संस्थान, 16331 महाविद्यालयों व तकनीकी संस्थान में कुल 39 लाख स्वयं सेवकों की सक्रीय भागीदारी है | कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व जनपद इटावा के नोडल अधिकारी डॉ. नीरज यादव जी ने स्वयं सेवको को सम्बोधित करते हुए बताया कि शिक्षित युवा वर्ग अपनी पढ़ाई करने के साथ- साथ समाज सेवा जैसे पुनीत कार्यो में भाग लेता रहे तथा समाज में फैली कुरीतियों और बुराइयों तथा समस्याओं के बारे में जागरुक करता रहे| उनका यह भी मानना है कि छात्र जीवन में न केवल बौद्धिक विकास होता है बल्कि भावी जीवन निर्माण भी होता है| उन्होने छात्रो को बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्धान्त वाक्य "मै नही आप" की भावना से जुडा है | इसके द्वारा सामाजिक क्रिया कलापों में अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना है तथा समुदाय के कमजोर वर्गों की सेवा, रचनात्मक कार्यो में हिस्सेदारी, स्वच्छता एवं सफाई के प्रति जागरुकता, दैवीय आपदाओं में मानवता की सेवा जैसे पुनीत कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना प्रत्येक स्वयं सेवकों का कर्तव्य है | कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव जी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्वयं सेवकों को आदर्शवादी भावना रखने को बताया तथा कहा कि यदि छात्र जीवन से ही राष्ट्र हित के बारे में सोच विकसित हो तो वे समाज को समग्र, विकसित व जागरुक बना सकते है| कार्यक्रम में डॉ. डी.एन. सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ. आनन्द सिंह, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. गोपी नाथ मौर्य, डॉ. सत्यार्थ मौर्य सहित लगभग 26 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया | जिसमें

प्रमुख रूप से शशांक शेखर वर्मा, अनूप वर्मा,समीर, सूरज सिंह, दामिनी, कृष्ण कुमार यादव आदि ने सक्रीय भागीदारी रही |




Glimpse of NSS day




Snap cut of Online meeting of NSS Day Programme

## 3. मिशन शक्ति" (साइबर क्राइम व छात्र-छात्राओं एवं अभिवावक शपथ)

**दिनाँक: 25.10.2020**

**उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिशा निर्देशित नवरात्रि के पावन अवसर पर "साइबर क्राइम व छात्र-छात्राओं एवं अभिवावक शपथ" कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित व्याख्यानमाला श्रंखला के अंतर्गत आज दिनांक** 25 **अक्टूबर**, 2020 **को जनता कालेज, बकेवर, इटावा में "मिशन शक्ति"** (17-25**अक्टूबर**) **कार्यक्रम के तत्वाधान में कालेज की एन. सी. सी., एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया| कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. मनोज यादव जी ने किया| कार्यक्रम के एन. सी.सी. अधिकारी श्री ब्रहमानन्द जी ने कई प्रकार के साइबर क्राइम के बारे में बताया कि आज कल आप की क्लोन आइडी बनाकर क्राइम किया जा रहा है ऐसी दशा में उसका स्नैप कट करके तत्काल पुलिस को सूचना देना चाहिए जिससे क्राइम पर अंकुश लगाया जा सके| कार्यक्रम में गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. इन्दुबाला मिश्रा जी ने साइबर क्राइम पर व्याख्यान दिया तथा बताया कि छात्राओं को अपना संपर्क नम्बर न देकर वें अपने अभिवावक का संपर्क नम्बर देना चाहिए तथा सोसल मीडिया पर सिर्फ जानने वाले को ही मित्र बनाये| उन्होने स्टाकिंग एवं फिसिंग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा उससे सतर्क रहने के लिए कहा|कार्यक्रम में कालेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एम.पी. सिंह जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि इन्टरनेट पर साइबर क्राइम बढ़ रहा है तो हम सबको इसका प्रयोग करने पर क्राइम के प्रति जागरुक रहना चाहिए तथा किसी को भी इन्टरनेट पर बनी आईडी की सेक्रेसी नही बतानी चाहिए|**

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनता महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक व पूर्व एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. यू.के. मिश्रा जी ने साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से व्याख्यान दिया| उन्होने बताया कि इन्टरनेट पर जितने भी एकाउन्ट हो उन सबका पासवर्ड अलग-अलग बनाना चाहिए और पासवर्ड कम से कम आठ शब्दों का हो जिसमें अक्षर(छोटे व बड़े), अंक व संकेत सहित होना चाहिए| डॉ. मिश्रा ने बताया कि यदि मोबाइल किसी को देना हो तो उसमें से सिम निकाल कर ही दें| कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कालेज की सम्मानित प्राचार्या महोदया डॉ. नलिनी शुक्ला जी ने महिलाओं की सुरक्षा के बारे में बताया और कहा कि उन्हे हमेशा जागरुक रहना चाहिए तथा जरुरत पड़ने पर महिला सहायता नं.** 1090 **व** 112 **पर कॉल करना चाहिए| कार्यक्रम के अंत में श्री ब्रहमानन्द जी ने पहले छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाया और उसके पश्चात अभिवावकों को शपथ दिलाया |**

**कार्यक्रम के संचालक डॉ. मनोज यादव जी द्वारा सभी अतिथियों का उनके सारगर्भित एवं संवेदनशील विषय पर व्याख्यान देने हेतु आभार व्यक्त किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर कालेज के विज्ञान संकाय डीन डॉ. ललित गुप्ता जी, वाणिज्य संकाय डीन डॉ. योगेश शुक्ला जी, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ. डी.जे. मिश्रा, डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ.नवीन अवस्थी, डॉ.**

सत्यार्थ मौर्या, डॉ. गोपी नाथ मौर्या, डॉ. अश्वनी मिश्रा सहित महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं एवं अभिभावक भी इस व्याख्यान से जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हुए।












## 4. राष्ट्रीय एकता दिवस व राष्ट्रीय एकता दौड़ (Run for unity)

**दिनाँक: 31.10.2020**

**बकेवर**, 31 **अक्तूबर। स्वतंत्र आधुनिक एकीकृत भारत के शिल्पकार भारत रत्न, प्रथम गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल सदैव प्रासंगिक रहेंगे,सरदार पटेल सच्चे अर्थों में एक कुशल प्रशासक थे जिन्होंने देश के स्वतंत्र होने के बाद बिखरी हुई** 562 **रियासतों को एकीकृत किया। यह कार्य सदियों पूर्व कभी सम्राट समुद्रगुप्त एवं चंद्रगुप्त ने किया था,उक्त उद्‌बोधन देते हुए जनता कॉलेज बकेवर की प्राचार्या डॉ नलिनी शुक्ला ने सरदार पटेल एवं महर्षि वाल्मीकि जयंती पर कहा कि महर्षि वाल्मीक भारतीय लोक चेतना के महापुरुष थे जिन्होंने ऋषि परंपरा में दया,करुणा और परोपकार का संवर्धन किया और बाल्मीकि रामायण की रचना की।**

**कार्यक्रम के संयोजक डॉ ज्योति मिश्र ने अपने उद्‌बोधन में महर्षि बाल्मीकि को पुरातन परंपरा का महान प्रतिनिधि बनाया बताया तथा सरदार पटेल के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भारतीय प्रज्ञा का ऐसा प्रतीक पुरुष बताया जिनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि था। पूर्व प्राचार्या डॉ ज्योति भदौरिया ने इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें ऐसे व्यक्तियों से सीख लेकर अनुसरण करना चाहिए।**

**प्राध्यापक अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि सरदार पटेल भारतीय सहकारिता आंदोलन के पुरोधा रहे,वर्तमान में पचास हजार करोड़ का वार्षिक व्यापार करने वाला अमूल दुग्ध उत्पाद का आरंभ सरदार पटेल के सहकारिता आंदोलन द्‌वारा मात्र दो डेरी संयंत्रों के** 247 **लीटर दूध के साथ शुरू किया गया था।**

**कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ दिव्य ज्योति मिश्र द्‌वारा किया गया,कार्यक्रम में विशेष रूप से डा देवनारायण सिंह, डा ज्योति भदौरिया, डॉ प्रकाश दुबे, डा योगेश शुक्ल, डॉ धर्मेंद्र कुमार ,राजेंद्र बाबू पांडेय,पवन सक्सेना, गोपीनाथ मौर्या, डॉ आदित्य कुमार ,ब्रहमानंद शर्मा, अभिषेक प्रताप सिंह, विनय शुक्ला,मनोज दीक्षित,एकता शर्मा,अविनाश तिवारी,सुनील शुक्ला आदि सहित कालेज परिवार की विशेष उपस्थिति रही।**










प्राचार्या डॉ नलिनी शुक्ला ने सरदार पटेल एवं महर्षि वाल्मीकि जयंती पर विचार रखते हुए


## 5. फसल अवशेष/ पराली जलाने से रोकने हेतु जागरूकता अभियान कार्यक्रम

**दिनाँक: 07.11.2020**

आज दिनांक 07.11.2020 को जनता कॉलेज बकेवर की एनसीसी एवं एनएसएस इकाई द्वारा जूम एप पर ऑनलाइन फसल अवशेष/ पराली जलाने से रोकने हेतु जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया | कार्यक्रम में एनसीसी प्रभारी श्री ब्रह्मानंद द्वारा बताया गया फसल अवशेष को जलाएं नहीं वल्कि फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों द्वारा डिकम्पोज कर मृदा को सुरक्षित करें, इसी क्रम में कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर एमपी

सिंह ने फसल अवशेष से कंपोस्ट बनाने की विधि एवं उसका इस्तेमाल कर मृदा को उपजाऊ बनाने के बारे में बताया |

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ उमाकांत मिश्रा जनता महाविद्यालय अजीतमल द्वारा फसल अवशेष के अनेक लाभकारी उपयोग के बारे में बताया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि उपनिदेशक रामपुर श्री नरेंद्र पाल ने फसल अवशेष से वातावरण में होने वाले प्रदूषण एवं उससे होने वाले हानिकारक प्रभावो के बारे में विस्तार से बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कालेज की प्राचार्य डॉ नलिनी शुक्ला ने बताया प्रदूषित वातावरण कोविड-19 को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है अतः हमें फसल अवशेष नहीं जलाना चाहिए| कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज के अन्य प्राध्यापक विज्ञान संकाय के डीन डॉ ललित गुप्ता गणित विभाग की प्रभारी डॉ. इंदुवाला मिश्रा, डॉ उमेश दुबे जनता महाविद्यालय अजीतमल| कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ मनोज यादव द्वारा किया गया |











## 6. महिला सुरक्षा एवं सम्मान

**दिनांक: 09.11.2020**

**आज दिनांक 09.11.2020 को जनता कालेज, बकेवर, इटावा में शासन के निर्देशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए संपूर्ण प्रदेश में महिला सुरक्षा एवं सम्मान हेतु अनवरत अभियान का कार्यक्रम आयोजित किए जाने के अनुपालन में कालेज में अभिभावकों को महिला सुरक्षा शपथ ग्रहण तथा छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा शपथ ग्रहण अभियान के अंतर्गत कालेज की संरक्षिका व प्राचार्या डॉ• नलिनी शुक्ला जी के द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई। अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव, एन.सी.सी. अधिकारी श्री ब्रम्हानन्द, डॉ. पी.के. राजपूत, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. डी.जे. मिश्रा, डॉ. इन्दुबाला मिश्रा, डॉ.ज्योति भदौरिया, डॉ. यौगेश शुक्ला, डॉ. प्रकाश दुबे सहित अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में सहभागिता किया|**






## 7. सड़क सुरक्षा सप्ताह" (18 - 24 नवम्बर)


**दिनांक: 24.11.2020**

**जनता कालेज, बकेवर में आज "सड़क सुरक्षा सप्ताह" (18 - 24 नवम्बर) कार्यक्रम के तत्वाधान में कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन.सी.सी. इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह जन जागरुकता अभियान पर व्याख्यान का आयोजन किया गया| कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव ने किया | कार्यक्रम में एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. ब्रम्हानन्द जी ने सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित जागरुकता पर विचार रखते हुए बताया कि सभी को सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करना चाहिए तथा अपने वाहन को अपनी लेन में चलाना चाहिए व वाहन की सही गति पर ही चलाना चाहिए| साथ ही बताया कि वाहन का बीमा, हेल्मेट या सीट बेल्ट का उपयोग तथा प्राथमिक**

उपचार की किट हमेशा रखना चाहिए| कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व कृषि संकाय के डीन डॉ. ए.के. पाण्डेय जी ने बताया कि देश में 3.5 मिनट में एक व्यक्ति की मौत सड़क दुर्घटना में हो जाती है तथा प्रति वर्ष लगभग 1,51,000 मौतें होती है| फिर लोगो को जागरुक करना पड़ता है ये बड़े दुर्भाग्य की बात है | सड़क दुर्घटनाओं के लिए सरकार और खराब सड़कों को दोष देना तो आसान है, मगर लोग इस मामले में अपनी जिम्मेदारी से साफ बच निकलते हैं। भारत में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में शहरीकरण की तीव्र दर, सुरक्षा के पर्याप्त उपायों का अभाव, नियमों को लागू करने में विलंब, नशीली दवाओं एवं शराब का सेवन कर वाहन चलाना, तेज गति से वाहन चलाते समय हेल्मेट और सीट-बेल्ट न पहनना आदि हैं। उन्होने बताया कि प्रशासन भी सही दिशा में कार्य न करके गलत करने लगता है जैसे किसी के पास हेल्मेट नही है तो प्रशासन को फाईन के बदले सीधा हेल्मेट ही दे तो जागरुकता बढेगी | डॉ. पाण्डेय जी ने बताया कि सभी लोग अपने बच्चो को भी इसके बारे में बताएं तथा उनको सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन भी करायें| कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज की सम्मानित प्राचार्या डॉ. नलिनी शुक्ला जी नें किया| कार्यक्रम में कालेज के विज्ञान संकाय के डीन डॉ. ललित गुप्ता जी व जनता महाविद्यालय, अजितमल के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. यू.के. मिश्रा सहित कालेज के 35 छात्र- छात्राएं मौजूद रहे|

जनता कालेज, बकेवर में आज "सड़क सुरक्षा सप्ताह" (18 - 24 नवम्बर) कार्यक्रम के तत्वाधान में कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन.सी.सी. इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह जन जागरुकता अभियान पर एक रैली का आयोजन किया गया| जन जागरुकता रैली का शुभारम्भ कालेज की सम्मानित प्राचार्या द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया| रैली कालेज के गेट न. 1 से बकेवर कस्बे में होकर कालेज के गेट न. 2 पर आकर समाप्त की गयी | रैली में कालेज के कृषि संकाय के डीन डॉ. ए.के. पाण्डेय, विज्ञान संकाय के डीन डॉ. ललित गुप्ता, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव, एन.सी.सी अधिकारी डॉ. ब्रम्हानन्द, डॉ. डी.एन. सिंह, डॉ. एम.पी. सिंह, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. आनन्द सिंह, डॉ. नवीन अवस्थी, डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ. सत्यार्थ मौर्या, डॉ संतोष चंदेल, कालेज के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित 50 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे|










## 8. संविधान दिवस

**दिनांक: 26.11.2020**

**जनता कालेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना व एन.सी.सी. इकाई द्वारा आज 26 नवंबर "संविधान दिवस" के अवसर पर एक ऑनलाइन व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया| मुख्य वक्ता कालेज के शस्य विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. एम.पी. सिंह जी ने संविधान दिवस की 71 वीं वर्षगांठ पर सभी को बधाई देते हुए यह बताया कि भारत में 26 नवंबर 1949 के दिन ही अपने संविधान को अंगीकृत किया था उन्होंने संविधान के सामाजिक और राजनीतिक लोकतंत्र की संरचना पर प्रकाश डाला तथा संविधान के आर्थिक व सामाजिक पक्ष पर अपने विचार रखे| कालेज के कृषि संकाय के डीन डॉ. ए.के. पाण्डेय जी संविधान के समता समानता पर विचार रखते हुए स्वतंत्रता से जुडे हुए उन सभी महापुरुषों को नमन किया | कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही व कालेज की यशस्वी प्राचार्या डॉ. नलिनी शुक्ला जी ने मौलिक अधिकारों पर विचार रखते हुए संविधान दिवस पर कुछ पंक्तियॉ भी कही| एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. ब्रम्हानन्द जी ने संविधान की स्थापना, रूपरेखा, प्रस्तावना व अनुच्छेदों के बारे में बताया | राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी व इस कार्यक्रम के संचालक डॉ. मनोज यादव जी ने प्रस्तावना पढ़ी | कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के डीन डॉ. ललित गुप्ता, गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. इन्दुबाला मिश्रा, डॉ. संतोष सिंह चन्देल, डॉ. गोपीनाथ मौर्या, डॉ. सत्यार्थ मौर्य, डॉ. नवीन अवस्थी सहित 35 छात्र-छात्राएं व स्वयं सेवक मौजूद रहे|**


16.6KB/s 5:54 37%
Close
Participants (36)
Search
Dr. Manoj Kumar Yad... (Host, me)
Ram Shankar
DR MAHIPAL SINGH
10567626
ANKUSH KUMAR
Anoop Verma
Anshika BT
Anushka
Brihma Nand
Invite
Mute All


49.4KB/s 5:41 37%
Dr. Manoj Kumar Yadav, Janta...
Brihma Nand
Dr Ashok Kumar Pandey
santosh chandel


36.7KB/s 6:09 37%
Zoom
End
Mute
Stop Video
Share
Participants
More


47.3KB/s 5:41 37%
Dr-Lalit Gupta
Saif Ahmad
ANKUSH KUMAR
Anshika BT

## 9. विश्व एड्स दिवस

**दिनांक: 01.12.2020**

**विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जनता कॉलेज बकेवर इटावा में दिनांक 1 दिसंबर, 2020 को जंतु विज्ञान विभाग, एनसीसी यूनिट एवं एनएसएस यूनिट के द्वारा एडस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के बायो साइंस एवं बायो टेक्नोलॉजी विभाग से पधारे प्रोफेसर डॉ विशाल चंद्र ने एडस के कारणों, लक्षण ,बचाव एवं रोकथाम के उपाय पर छात्र छात्राओं के साथ ऑनलाइन चर्चा की।**

**ऑनलाइन कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में पधारी डॉ सुनीता आर्या एसोसिएट प्रोफेसर जंतु विज्ञान विभाग डी जी पी जी कॉलेज कानपुर ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि किन कारणों से एड्स फैलता है। एड्स में इम्यूनिटी किस प्रकार से कम हो जाती है और किन सावधानियों के साथ एड्स से बचाव किया जा सकता है। प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों का जवाब भी दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्या डॉ नलिनी शुक्ला जी ने बताया कि एड्स रोगी के साथ हमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ ललित गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी एवं एनसीसी प्रभारी श्री ब्रहमानंद जी ने अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर पीके राजपूत जी ने किया।**

**कार्यक्रम के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री एवं एनएसएस प्रभारी डॉ मनोज कुमार यादव ने ऑनलाइन मीटिंग का संचालन किया।कार्यक्रम में लगभग 90 छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने सहभागिता की।डॉ धर्मेंद्र कुमार कृषि वनस्पति के साथ लगभग 30 छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में डॉ एके पांडे, डॉ धर्मेंद्र कुमार भौतिकी ,डॉ संजीव चौधरी श्री गोपीनाथ मौर्य, डॉ एसके चंदेल , डॉ अत्री गुप्ता ,डॉ आदित्य कुमार आदि उपस्थित रहे।**





# विश्व एड्स दिवस के अवसर पर ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

डॉ आशीष त्रिपाठी

**अमृत प्रभात, (बकेवर) इटावा।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जनता कॉलेज बकेवर इटावा में जन्तु विज्ञान विभाग, एनसीसी यूनिट एवं एनएसएस यूनिट के द्वारा एडस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के बायो साइंस एवं बायो टेक्नोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ विशाल चंद्र ने एडस के कारणों, लक्षण ,बचाव एवं रोकथाम के उपाय पर छात्र छात्राओं के साथ ऑनलाइन चर्चा की। ऑनलाइन कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में डॉ सुनीता आर्या एसोसिएट प्रोफेसर जन्तु विज्ञान विभाग डी जी पी जी कॉलेज कानपुर ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि, कैसे एड्स फैलता है। एड्स में इम्यूनिटी किस प्रकार से कम हो जाती है और किन सावधानियों के साथ एड्स से बचाव किया जा सकता है।

प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों का जवाब भी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्या डॉ नलिनी शुक्ला जी ने बताया कि एड्स रोगी के साथ हमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ ललित गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी एवं एनसीसी प्रभारी श्री ब्रह्मानंद जी ने अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर पी के राजपूत जी ने किया। कार्यक्रम के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री एवं एनएसएस प्रभारी डॉ मनोज कुमार यादव ने ऑनलाइन मीटिंग का संचालन किया।कार्यक्रम में लगभग 90 छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने सहभागिता की।डॉ धर्मेंद्र कुमार कृषि वनस्पति के साथ लगभग 30 छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में डॉ एके पांडे, डॉ धर्मेंद्र कुमार भौतिकी ,डॉ संजीव चौधरी श्री गोपीनाथ मौर्य, डॉ एसके चंदेल ,डॉ अत्री गुप्ता ,डॉ आदित्य कुमार आदि उपस्थित रहे।

# एड्स रोगी के साथ नहीं करें भेदभाव

**संवादसूत्र, बकेवर :** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जनता कॉलेज में मंगलवार को जंतु विज्ञान विभाग, एनसीसी यूनिट एवं एनएसएस यूनिट के द्वारा एड्स पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के बायो साइंस एवं बायो टेक्नोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. विशाल चंद्र ने एड्स के कारणों, लक्षण, बचाव एवं रोकथाम के उपाय पर छात्र-छात्राओं के साथ ऑनलाइन चर्चा की। ऑनलाइन कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में डॉ सुनीता आर्या एसोसिएट प्रोफेसर जंतु विज्ञान विभाग डीजीपीजी कॉलेज कानपुर ने बताया कि एड्स में इम्यूनिटी किस प्रकार से कम हो जाती है और किन सावधानियों के साथ एड्स से बचाव किया जा सकता है। प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों का जवाब भी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्या डॉ. नलिनी शुक्ला ने बताया कि एड्स रोगी के साथ हमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। संयोजक डॉ ललित गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी एवं एनसीसी प्रभारी ब्रह्मानंद ने अतिथियों का धन्यवाद किया,संचालन डॉक्टर पीके राजपूत ने किया।

# एड्स रोगियों के साथ नहीं करना चाहिए भेदभाव

बकेवर। विश्व एड्स दिवस पर जनता कॉलेज में मंगलवार को जंतु विज्ञान विभाग, एनसीसी यूनिट व एनएसएस यूनिट की ओर से जागरूकता कार्यक्रम हुआ। प्राचार्या डॉ. नलिनी शुक्ला ने कहा कि एड्स रोगी के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। उनकी देखभाल करनी चाहिए।


छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के बायो साइंस एवं बायो टेक्नोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. विशाल चंद्र ने छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन एड्स के बचाव, कारण, लक्षण व रोकथाम के बारे में बताया। ऑनलाइन कार्यक्रम में कानपुर डीजीपीजी कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुनीता आर्या ने कहा कि सावधानियों के साथ एड्स से बचाव किया जा सकता है। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी एवं एनएसएस प्रभारी डॉ. मनोज कुमार यादव ने ऑनलाइन मीटिंग का संचालन किया। कार्यक्रम में लगभग 90 छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने सहभागिता की। डॉ. धर्मेंद्र कुमार कृषि वनस्पति के साथ लगभग 30 छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम का हिस्सा बने। इस दौरान डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. पीके राजपूत, डॉ. एके पांडे, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. संजीव चौधरी, गोपीनाथ मौर्य, डॉ. एसके चंदेल, डॉ. अत्री गुप्ता, डॉ. आदित्य कुमार रहे। (संवाद)

**विश्व एड्स दिवस पर जनता कॉलेज में हुई गोष्ठी**

# 10. किसान दिवस

दिनांक: 23.12.2020

जनता कालेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज 23 दिसंबर "किसान दिवस" के अवसर पर एक जूम ऐप पर ऑनलाइन व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया| कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व कालेज के शस्य विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. एम.पी. सिंह जी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री व किसान नेता स्व. चौधरी चरण सिंह जी को नमन करते हुए उनके किसानों के उत्थान व राजनीतिक व्यक्तित्व पर अपने विचार रखे | उन्होंने किसानों की समस्या व कम लागत में अधिक उत्पादन की तकनीकियों के बारे में चर्चा की| राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी व इस कार्यक्रम के संचालक डॉ. मनोज यादव जी ने स्व. चौधरी चरण सिंह जी के इटावा दौरे के बारे में चर्चा की और बताया कि वे किसानो के हक के लिए संघर्ष करते रहे| कार्यक्रम के अन्त में डॉ. मनोज यादव जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया| इस कार्यक्रम में डॉ. सत्यार्थ मौर्य सहित 35 छात्र- छात्राएं व स्वयं सेवक मौजूद रहे|







## 11. राष्ट्रीय युवा सप्ताह (12.01.2021-19.01.2021)

**दिनांक: 17.01.2021**

**जनता कालेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भारत के महानायक स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती के शुभ अवसर पर आज 17 जनवरी को "राष्ट्रीय युवा सप्ताह" पर एक जूम ऐप पर ऑनलाइन व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया|**

**कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज की यशस्वी प्राचार्या डॉ. नलिनी शुक्ला जी ने स्वामी विवेकानन्द जी का जीवन परिचय देते हुए उनके विचारों के बारे में बताया| कालेज के एन.सी.सी. अधिकारी श्री ब्रम्हानन्द जी, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. धर्मेन्द्र कुमार जी अपने विचार रखें| कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. मनोज यादव जी ने किया| कार्यक्रम के अन्त में श्री ब्रम्हानन्द जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया| इस कार्यक्रम में डॉ. पी.के. राजपूत, डॉ. गोपी नाथ मौर्य सहित 39 स्वयं सेवक मौजूद रहे|**






## 12. राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**दिनांक: 25.01.2021**

**जनता कालेज, बकेवर, इटावा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर** 25 **जनवरी** 2021 **को एक गोष्ठी का आयोजन संगोष्ठी कक्ष में किया गया | जिसमें डॉ. एम. पी. सिंह, संयोजक कार्यक्रम ने मतदान एवं वोट की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा बताया कि लोक तन्त्र में मतदान/वोट भारतीय नागरिक के पास अमूल्य अधिकार है जिसका प्रयोग स्वतन्त्र, निष्पक्ष व निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति व समुदाय के प्रलोभन से प्रभावित हुए बगैर करना चाहिए | डॉ. ए.के. पाण्डेय ने बताया कि मतदान का सही प्रयोग कर समाजहित में समर्पित भाव से कार्य करने वाले जन प्रतिनिधि का चुनाव करने के लिए जागरुक किया| मतदान गोष्ठी में उपस्थित सभी प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलायी जिसमें सभी ने कहा" हम भारत के नागरिक लोकतन्त्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतान्त्ररिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे|**

**इस प्रकार सभी ने शपथ लेकर मतदाता जागरुकता रैली निकाली जिसमें भारी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की | कार्यक्रम में संयोजक डॉ. एम.पी.सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव, एन.सी. सी. अधिकारी श्री बृम्हानन्द, डॉ. पी.के. राजपूत, डॉ. डी.एन. सिहं,डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. इन्दुबाला मिश्र आदि कालेज के प्राध्यापक व कर्मचारी उपस्थित थे |**

| | |
|---|---|
|  |  |
| Student Raily start after green flage of principal | Raily for vote awareness and rights |




Raily for vote Rights



संचालन शैलेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया।

**गोष्ठी में मतदान के प्रति लोगों को किया जागरूक**

इटावा : मतदाता जागरूकता रैली निकालती छात्राएं एवं साथ अन्य। फोटो : एसएनबी

**बकेवर (एसएनबी)।** जनता कालेज, बकेवर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. एम. पी. सिंह, संयोजक कार्यक्रम ने मतदान एवं वोट की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा बताया कि लोक तन्त्र में मतदान वोट भारतीय नागरिक के पास अमूल्य अधिकार है जिसका प्रयोग स्वतन्त्र, निष्पक्ष व निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति व समुदाय के प्रलोभन से प्रभावित हुए बगैर करना चाहिए। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. ए.के. पाण्डेय ने बताया कि मतदान का सही प्रयोग कर समाजहित में समर्पित भाव से कार्य करने वाले जन प्रतिनिधि का चुनाव करें। वहां सभी ने शपथ लेकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली जिसमें भारी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में संयोजक डॉ. एम.पी.सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव, एन.सी. सी. अधिकारी श्री बृम्हानन्द, डॉ. पी.के. राजपूत, डॉ. डी.एन. सिंह,डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. इन्दुबाला मिश्र आदि कालेज के प्राध्यापक व कर्मचारी उपस्थित थे।

Cutting of Amar Ujala News paper

## 13. एक दिवसीय शिविर (Environment and Sanitation Awareness)

**दिनांक: 28.01.2021**

**जनता कालेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनॉक** 28.01.2021 **को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता शीर्षक पर एक दिवसीय सामान्य कार्यक्रम किया गया | जिसमें सभी स्वयं सेवकों ने कालेज परिसर की साफ सफाई की एवं कालेज परिसर में हुई पेड़ों की परूनिंग के कार्य में सहभागिता की| कुछ पौधों की क्यारी बनाया तथा उनको संरक्षित किया | इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ. पी.के. राजपूत, डॉ. संजीव कुमार,सूरज सिंह, अकॉक्षा, दामिनी, अन्सू, बबली, अनुराग, आदर्श, अजय सहित सभी स्वयं सेवकों ने सहभागिता की |**







## <u>14. सड़क सुरक्षा माह (21.01.2021- 20.02.2021)</u>

**1. व्याख्यान** **दिनॉक: 23 जनवरी, 2021**

**जनता कालेज, बकेवर में आज "सड़क सुरक्षा माह " (21 जनवरी से 20 फरवरी) कार्यक्रम के तत्वाधान में कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन.सी.सी. इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा माह जन जागरुकता अभियान पर व्याख्यान का आयोजन किया गया| कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव ने किया | कार्यक्रम में एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. ब्रम्हानन्द जी ने सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित जागरुकता पर विचार रखते हुए बताया कि सभी को सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करना चाहिए तथा अपने वाहन को अपनी लेन में चलाना चाहिए व वाहन की सही गति पर ही चलाना चाहिए| साथ ही बताया कि वाहन का बीमा, हेल्मेट या सीट बेल्ट का उपयोग तथा प्राथमिक उपचार की किट हमेशा रखना चाहिए| कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व कृषि संकाय के डीन डॉ. ए.के. पाण्डेय जी ने बताया कि देश में 3.5 मिनट में एक व्यक्ति की मौत सड़क दुर्घटना में हो जाती है तथा प्रति वर्ष लगभग 1,51,000 मौतें होती है| फिर लोगो को जागरुक करना पड़ता है ये बड़े दुर्भाग्य की बात है | सड़क दुर्घटनाओं के लिए सरकार और खराब सड़कों को दोष देना तो आसान है, मगर लोग इस मामले में अपनी जिम्मेदारी से साफ बच निकलते हैं। भारत में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में शहरीकरण की तीव्र दर, सुरक्षा के पर्याप्त उपायों का अभाव, नियमों को लागू करने में विलंब, नशीली दवाओं एवं शराब का सेवन कर वाहन चलाना, तेज गति से वाहन चलाते समय हेल्मेट और सीट-बेल्ट न पहनना आदि हैं। उन्होने बताया कि प्रशासन भी सही दिशा में कार्य न करके गलत करने लगता है जैसे किसी के पास हेल्मेट नही है तो प्रशासन को फाईन के बदले सीधा हेल्मेट ही दे तो जागरुकता बढेगी | डॉ. पाण्डेय जी ने बताया कि सभी लोग अपने बच्चो को भी इसके बारे में बताएं तथा उनको सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन भी करायें| कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज की सम्मानित प्राचार्या डॉ. नलिनी शुक्ला जी नें किया| कार्यक्रम में कालेज के विज्ञान संकाय के डीन डॉ. ललित गुप्ता जी व जनता महाविद्यालय, अजितमल के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. यू.के. मिश्रा सहित कालेज के 35 छात्र- छात्राएं मौजूद रहे|**


5:18 PM
4G
Close
Participants (24)
Search
BN Brihma Nand (me)
Dr. Manoj Kumar Yadav, Jant... (Host)
DA Dr Ashok Kumar Pandey
AT Anjali Tiwari
AD Anshika Dixit
AP Anuradha pal
A Anushka
DL Dr Lalit Gupta
DU Dr. Uma kant Mishra
IH Infinix HOT 10
MANGAL PANDEY
M Monika
Invite




5:19 PM
4G
Brihma Nand
Dr Lalit Gupta
Dr Ashok Kumar Pandey
Dr. Manoj Kumar Yadav, Janta Colle...

## 2. रैली                                                                                                  दिनॉक: 28 जनवरी, 2021

**जनता कालेज, बकेवर में आज " सड़क सुरक्षा माह " (21 जनवरी से 20 फरवरी) कार्यक्रम के तत्वाधान में कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन.सी.सी. इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा माह जन जागरुकता अभियान पर एक रैली का आयोजन किया गया| जन जागरुकता रैली का शुभारम्भ कालेज की सम्मानित प्राचार्या द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया| रैली कालेज के गेट न. 1 से बकेवर कस्बे में होकर कालेज के गेट न. 2 पर आकर समाप्त की गयी | रैली में कालेज के कृषि संकाय के डीन डॉ. ए.के. पाण्डेय, विज्ञान संकाय के डीन डॉ. ललित गुप्ता, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव, एन.सी.सी अधिकारी डॉ. ब्रम्हानन्द, डॉ. डी.एन. सिंह, डॉ. एम.पी. सिंह, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. आनन्द सिंह, डॉ. नवीन अवस्थी, डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ. सत्यार्थ मौर्या, डॉ संतोष चंदेल, कालेज के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित 50 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे|**



प्राचार्या द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली का शुभारम्भ



रैली का आयोजन



**3. 'मैस्कट डिजाइन' प्रतियोगिता** **दिनॉक: 08 फरवरी, 2021**

**जनता कालेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेड कोर व रोबर्स रेंजर के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनॉक 08.02.2021 को 'सड़क सुरक्षा माह' (21 जनवरी से 20 फरवरी) के अन्तर्गत 'मैस्कट डिजाइन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया| जिसमें प्रथम स्थान पर एकता शर्मा, द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से अंजली वर्मा व वर्षा तिवारी तथा तृतीय स्थान पर सिमरन दोहरे का रहा| प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के रूप में डॉ. धर्मेंद्र कुमार (कृषि वनस्पति), डॉ. धर्मेंद्र कुमार (भौतिकी) तथा डॉ. संजीव कुमार के सहयोग से परिणाम घोषित किया गया | सभी विजयी छात्राओं को प्रमाण दिये गये | इस कार्यक्रम में डॉ. ललित गुप्ता व इस प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. मनोज कुमार यादव ने सभी छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी| इस प्रतियोगिता में 16 छात्राओं ने सहभागिता की |**



**मैस्कट डिजाइन' प्रतियोगिता**

**4. 'रंगोली' प्रतियोगिता** **दिनॉक: 09 फरवरी, 2021**

**जनता कालेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेड कोर व रोबर्स रेंजर के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनॉक 09.02.2021 को 'सड़क सुरक्षा माह'(21 जनवरी से 20 फरवरी) के अन्तर्गत 'रंगोली' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया| जिसमें प्रथम स्थान पर एकता शर्मा, द्वितीय स्थान पर अंजली वर्मा तथा तृतीय स्थान पर वर्षा तिवारी का रहा| प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के रूप में डॉ. संजय कुमार विश्वकर्मा तथा डॉ. आनन्द सिंह के सहयोग से परिणाम घोषित किया गया | सभी विजयी छात्राओं को प्रमाण दिये गये | इस प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ. ब्रम्हानन्द तथा**

डॉ. ज्योति भदौरिया ने सभी छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी| इस प्रतियोगिता में 12 छात्राओं ने सहभागिता की |









'रंगोली' प्रतियोगिता

**5.** **'क्वीज' प्रतियोगिता** **दिनॉक: 17 फरवरी, 2021**

**जनता कालेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेड कोर व रोबर्स रेंजर के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनॉक 17.02.2021 को 'सड़क सुरक्षा माह'(21 जनवरी से 20 फरवरी) के अन्तर्गत 'क्वीज' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया| जिसमें प्रथम स्थान पर एकता शर्मा, द्वितीय स्थान पर अंजली वर्मा तथा तृतीय स्थान पर वर्षा तिवारी का रहा|**

सभी विजयी छात्राओं को प्रमाण दिये गये | इस प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ. ब्रम्हानन्द तथा डॉ. ज्योति भदौरिया ने सभी छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी| इस प्रतियोगिता में 18 छात्र- छात्राओं ने सहभागिता की |





'क्वीज' प्रतियोगिता में छात्र- छात्राओं की सहभागिता

## 15. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**दिनॉक: 08.03.2021**

जनता कालेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेड कोर व रोबर्स रेंजर इकाई के संयुक्त तत्वाधान में आज 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया गया | कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार यादव ने किया | डॉ. यादव जी ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सर्वप्रथम अमेरिका में 28 फरवरी, सन्1909 में मनाया गया था जो महिलाओं के अधिकारों व कार्यों के लिए किया गया था | बाद में 8 मार्च 1975 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने मनाना शुरु किया| इस दिन महिलाओं के संघर्ष, तपस्या और बलिदान को याद करने के लिए यह दिन मनाया जाता है| कार्यक्रम में रोबर्स रेंजर प्रभारी डॉ ज्योति भदौरिया जी ने दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या पर विचार रखते हुए नारी सशक्तिकरण की बात की | कालेज के कृषि संकाय डीन व मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय जी ने कहा कि यह दिन हर दिन मनाना चाहिए| उन्होने कहा कि हमारे देश में नारी का हमेशा उच्च स्थान रहा है| कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कालेज की प्राचार्या डॉ. नलिनी शुक्ला जी ने नारियों के सम्मान, समानता की बात रखते हुए बेटियों को संदेश दिया कि बेटियों कोई भी कार्य करने के पहले मन मे सोचना कि 'मैं यह कर सकती हुं और करके रहूंगी' के दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करना | उन्होने छात्राओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सशक्तिकरण हेतु विभिन्न योजनाओं महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, यूपी 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181, हेल्पलाइन 1098, 108 आदि के बारे में जानकारी दी|

कार्यक्रम में राम खिलाड़ी, सुमित दीक्षित, कु. गुंजन व कृष्ण कुमार आदि छात्रों ने भी अपने विचार व्यक्त किये| कार्यक्रम में कन्या भ्रूण हत्या के प्रति जागरुक करने के लिए एक लघु नाटिका कु. दामिनी, अकॉक्षा व विवेक कुमार द्वारा प्रस्तुत की गयी | कार्यक्रम में मिशन शक्ति के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं व अभिभावकों की शपथ का कार्यक्रम डॉ. ब्रम्हानन्द जी के निर्देशन में किया गया| डॉ. ब्रम्हानन्द जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया| कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अश्वनी कुमार मिश्रा ने किया| कार्यक्रम में डॉ. डी.एन. सिंह, डॉ. एम.पी. सिंह, डॉ. इन्दुबाला, डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ.प्रकाश दुबे सभी प्राध्यापक, प्राध्यापिकाओं, शिक्षेणत्तर कर्मचारियों सहित 150 छात्र- छात्राएं ने सहभागिता की | कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया |







64MP AI QUAD CAMERA
Shot by HITESH VERMA

64MP AI QUAD CAMERA
Shot by HITESH VERMA

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई- 2021-2022

**विशेष शिविर /** कार्यक्रमों का विवरण – 2021–22

महाविद्यालय का नाम– **जनता कालेज, बकेवर, इटावा**

**सात दिवसीय विशेष शिविर सत्र: 2021-22**

**ग्राम: नगला बनी (बकेवर)**

**आयोजन तिथि: 05.03.2022 से 11.03.2022**

**डॉ. मनोज कुमार यादव**
**कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना**
**जनता कालेज, बकेवर, इटावा**

**डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी**
**प्राचार्य**
**जनता कालेज, बकेवर, इटावा**

# <u>राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर 2021-22 का शुभारंभ</u>

**उद्घाटन सत्र: प्रथम दिवस** **दिनाँक: 05 /03/2022**

**जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय 'विशेष शिविर' आज दिनांक 5 मार्च 2022 को प्रारंभ किया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 5 मार्च से 11 मार्च, 2022 तक ग्राम नगला बली, बकेवर, इटावा में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सातों दिवस में अलग-अलग शीर्षक जन जागरूकता अभियान के तहत गांव के लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिसमें मुख्य रुप से स्वच्छ भारत अभियान, जन जागरूकता कार्यक्रम, मिशन शक्ति, पोषण जागरूकता, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, किसानों के साथ सम्यक संपर्क, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वृक्षारोपण तथा स्वयंसेवकों सेवकों में व्यक्तित्व का विकास, सामूहिक कार्य भावना, सामुदायिक कार्य, नेतृत्व क्षमता का विकास, संप्रेषण कौशल एवं सृजनात्मक क्षमताओं का विकास आदि विशेष शिविर के प्रमुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, प्राचार्य, जनता कॉलेज, बकेवर, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विनोद कुमार दोहरे, अध्यक्ष नगर पंचायत बकेवर, विशिष्ट अतिथि श्री अजय कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बकेवर, तथा अन्य अतिथियों ने वृक्षारोपण करके विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कालेज के यशस्वी प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य 'Not Me But You' के बारे में विस्तार से स्वयंसेवकों को संबोधित किया और कहा कि राष्ट्र हित के लिए सद्भाव उत्पन्न होना ही विशेष शिविर की सफलता होगी तथा स्वयंसेवकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विनोद कुमार दोहरे ने सातों दिवसों के विशेष शिविर के लिए सभी स्वयंसेवकों की भूमिका एवं जन जागरूकता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्री अजय कुमार ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर अपने विचारों का साझा किया। उन्होंने बताया की महात्मा गांधी जी ने कहा था की स्वच्छता एक राष्ट्र सेवा है जिससे पूरे जन समुदाय को स्वस्थ बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा की यदि साफ-सफाई रखी जाए तो जो दवाई पर खर्च होता है वह पैसा बचाया जा सकता है और जिससे अच्छी शिक्षा दिलाई जा सकती है। कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक व विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ एके पांडेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों को को बताया तथा कहा कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में राष्ट्र भावना उत्पन्न हो जिससे विद्यार्थियों में सहयोग की भावना विकसित की जाए। राष्ट्रीय सेवा योजना विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन है जिसमें युवाओं में आपदा से निपटने के लिए गुण सिखाए जाते हैं। कार्यक्रम में श्री लाला राम दोहरे ने स्वयंसेवकों से किसानों के**

सरल संपर्क के तरीकों के बारे में अपने विचारों से लाभान्वित किया। कार्यक्रम में डॉ.एम.पी. सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया और कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से अनुप्राणित है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार यादव ने किया तथा इस विशेष शिविर के सातों दिवसों में किए जाने वाले कार्य की प्रस्तावना व रूपरेखा के बारे में अवगत कराया तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया जिसमें डॉ एम.पी. यादव ने बताया कि गांव में कैसे लोगों से संपर्क किया जाए जिससे आप पर सरलतम और कम समय में विश्वास कर सके तथा आपके बताए हुए जन जागरूकता अभियान से जागरूक हो जाए। कार्यक्रम में डॉ पीके राजपूत ने किसानों की देशी तकनीकियों के बारे में बताया तथा स्वयंसेवकों को परिचयात्मक भाव को उत्पन्न करने के सरल तरीकों को बताया। डॉ. डी एन सिंह ने स्वयं सेवकों को अनुशासन के बारे में बताया कि स्वयंसेवकों में अनुशासन विकसित होना चाहिए जिससे वह अपने को एक आदर्श मानवता के रूप में स्थापित हो सके। कार्यक्रम में डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ दिव्य ज्योति मिश्रा आदि ने अपने विचारों का साझा किया। विशेष शिविर के प्रथम दिवस का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम में आकाश चौधरी राजकुमार वर्मा मनोज दीक्षित तथा 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।




उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के अध्यक्ष तथा कार्यक्रम के अतिथि





अतिथियों ने वृक्षारोपण करके विशेष शिविर का किया शुभारंभ



कार्यक्रम के अध्यक्ष तथा कार्यक्रम के अतिथि

अमर उजाला
इटावा
amar

# शिविर में सात दिन बहेगी जागरुकता की हवा

**बकेवर।** जनता कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर शनिवार को शुरू हो गया। ग्राम नगलाबनी में 11 मार्च तक इस शिविर में जन जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। मुख्य रूप से इसमें स्वच्छ भारत अभियान, मिशन शक्ति, पोषण जागरुकता, पर्यावरण संरक्षण, किसानों के साथ संपर्क, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नेतृत्व क्षमता का विकास आदि कार्यक्रम संचालित होंगे।

प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, चेयरमैन विनोद कुमार दोहरे, ईओ बकेवर अजय कुमार ने पहले दिन पौधरोपण कर शुभारंभ किया। प्राचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य 'नॉट मी बट यू' के बारे में स्वयंसेवकों को जानकारी दी। कृषि संकाय के

## पौधे लगाकर राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारंभ




राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में प्राचार्य को बैज लगाती छात्रा। संवाद

अधिष्ठाता डॉ. एके पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन है। इसमें युवाओं को आपदा से निपटने के गुर सिखाए जाते हैं। कार्यक्रम में लाला राम दोहरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ. एमपी यादव, डॉ. पीके राजपूत, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. दिव्य ज्योति मिश्रा आदि ने अपने विचारों को साझा किया। कार्यक्रम में राजकुमार वर्मा, आकाश चौधरी, मनोज दीक्षित समेत 50 स्वयंसेवक मौजूद रहे। (संवाद)

इटावा
कानपुर। रविवार • 6 मार्च • 2022
सहारा www.rashtriyasahara.com

प्रतिनिधिमण्डलों ने मुलाकात के लिए आभार व्यक्त किए
लेकर समावेशी बजट पेश कि

खबरें

# राष्ट्रहित के लिए सद्भाव उत्पन्न होना ही विशेष शिविर की सफलता

### जनता कालेज के छात्रों का शिविर शुरू

**बकेवर (एसएनबी)।** जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर शनिवार को सात दिवसीय शिविर ग्राम नगला बनी में लगाया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 5 मार्च से 11 मार्च, 2022 तक ग्राम नगला बनी,बकेवर में आयोजित होगा।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत सातों दिवस में अलग-अलग विषयों पर जन जागरूकता अभियान के तहत गांव के लोगों को जागरूक किया जाएगा, जिसमें मुख्य रूप से स्वच्छ भारत अभियान, जन जागरूकता कार्यक्रम, मिशन शक्ति, पोषण जागरूकता, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, किसानों के साथ सम्पर्क, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वृक्षारोपण तथा स्वयंसेवकों में व्यक्तित्व का विकास, सामूहिक कार्य भावना, सामुदायिक कार्य, नेतृत्व क्षमता का विकास, संप्रेषण कौशल एवं सृजनात्मक क्षमताओं का विकास आदि विशेष शिविर के प्रमुख उद्देश्य है।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी प्राचार्य



इटावा - जनता कालेज के सेवा योजना के छात्र अतिथियों के साथ जागरूकता अभियान में आगे हुए।

जनता कॉलेज बकेवर, मुख्य अतिथि विनोद कुमार दोहरे अध्यक्ष नगर पंचायत बकेवर, विशिष्ट अतिथि अजय कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बकेवर, तथा अन्य अतिथियों ने पौधारोपण करके विशेष शिविर का शुभारंभ किया।

प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य के बारे में विस्तार से स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र हित के लिए सद्भाव उत्पन्न होना ही विशेष शिविर की सफलता होगी तथा स्वयंसेवकों को बधाई एवं शुभकामना दी। विनोद कुमार दोहरे ने सातों दिवसों के विशेष शिविर के लिए सभी स्वयंसेवकों की भूमिका एवं जन जागरूकता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि अजय कुमार ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर अपने विचारों का साझा किया। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी ने कहा था कि स्वच्छता एक राष्ट्र सेवा है जिससे पूरे जन समुदाय को स्वस्थ बनाया जा सकता है। कहा कि यदि साफ-सफाई रखी जाए तो जो दवाई पर खर्च होता है वह पैसा बचाया जा सकता है और जिससे अच्छी शिक्षा दिलाई जा सकती है।

कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ ए.के. पांडेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों को बताया तथा कहा कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में राष्ट्र भावना उत्पन्न हो जिससे विद्यार्थियों में सहयोग की भावना विकसित की जाए। राष्ट्रीय सेवा योजना विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन है जिसमें युवाओं में आपदा से निपटने के लिए गुण सिखाए जाते है।

कार्यक्रम में पूर्व सभासद लालाराम दोहरे ने स्वयंसेवकों से किसानों [illegible] संपर्क के तरीकों के बारे में उनको [illegible] मार्गदर्शित किया। कार्यक्रम के द्वि[illegible] तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। डॉ एम.पी. यादव ने बताया कि गांव में कैसे लोगों से सम्पर्क किया जाए जिससे आप ना सरलतम और कम समय में विश्वास बना सकें तथा आपके बताए हुए जन जागरूकता अभियान से जागरूक हो जाए। कार्यक्रम में डॉ पी.के. राजपूत ने किसानों की देशी तकनीकियों के बारे में बताया तथा स्वयंसेवकों को परिपक्वता भाव को उत्पन्न करने के सरल तरीकों को बताया। डॉ. डी.एस. सिंह ने स्वयंसेवकों को अनुशासन के बारे में बताया कि स्वयंसेवकों में अनुशासन विकसित होना चाहिए जिससे वह अपने को एक आदर्श मानवता के रूप में स्थापित हो सके। कार्यक्रम में डॉ.धर्मेंद्र कुमार, डॉ. दिव्य ज्योति मिश्रा आदि ने अपने विचारों का साझा किया। विशेष शिविर के प्रथम दिवस का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम में आकाश चौधरी, राजकुमार वर्मा, मनोज दीक्षित तथा 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# <u>राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर 2021-22</u>

द्वितीय दिवस दिनाँक: 06 /03/2022

**जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर नगला बनी में द्वितीय दिवस में स्वच्छता एवं किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। तदोपरांत नगला बनी में स्वच्छता जागरूकता लाने के लिए स्वच्छता रैली निकाली गई ।जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न स्लोगनों जैसे हम ने यह ठाना है, स्वच्छता लाना है, सब रोगों की एक दवाई ।घर में रखो साफ सफाई आदि के द्वारा जन जागरूकता फैलाई। स्वच्छता एवं किसान गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे जिला कृषि अधिकारी एवं उपनिदेशक अनुसंधान अभिनंदन सिंह ने उपस्थित स्वयं सेवकों एवं किसानों को संबोधित अपने व्याख्यान में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने मन व तन की स्वच्छता के साथ साथ अपनी खेती की स्वच्छता भी अत्यंत आवश्यक है । मन व तन की स्वच्छता से व्यक्ति स्वस्थ रहता है, खेती की स्वच्छता से फसल स्वस्थ रहने के साथ-साथ व्यक्ति भी स्वस्थ रहता है एवं पर्यावरण संरक्षित रहता है। उन्होंने कृषि की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ कृषि यंत्रों पर छूट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी ने यह भी बताया कि मैं जनता कॉलेज बकेवर का ही छात्र हूं जहां से पढ़कर मैंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना व अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के द्वारा अपने जिंदगी में अनुभव प्राप्त किए। मेरे जैसे तमाम जनता कालेज के विद्यार्थी देश के विभिन्न उच्च स्तरीय संस्थानों में सेवा दे रहे हैं । आप सबको इस शिविर के माध्यम से विभिन्न अनुभव प्राप्त होंगे जो आपके जीवन को सफल बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। शस्य विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ एमपी सिंह ने अपने व्याख्यान में कहा कि जिस तरह है खेती बाड़ी में रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से भूमि, मनुष्य, पशु अस्वस्थ हो रहे है और पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, ठीक उसी भांति मनुष्य के दूषित विचारों से समाज में नफरत एवं द्वेष भावना पैदा हो रही है इसलिए स्वस्थ जीवन एवं शुद्ध वातावरण बनाए रखने के लिए दोनों प्रकार के जहरों, रसायनों को कंट्रोल करने की आवश्यकता है जिससे भूमि, मनुष्य स्वस्थ रहने के साथ-साथ वातावरण शुद्ध बना रहे। साथ ही बताया कि किसानों को रूढ़िवादी खेती प्रणाली को त्याग कर वैज्ञानिक ढंग से खेती करने की आवश्यकता है जिसमें दलहन पूर्ण फसल चक्र, गर्मियों में खेतों की गहरी जुताई उचित समय पर बुवाई निराई सिंचाई कटाई आज कृषि क्रियाएं कर अधिक आय प्राप्त की जा सकती है। डॉ एसके विश्वकर्मा ने सब्जी उत्पादन एवं फलोत्पादन पर उपस्थित स्वयंसेवकों एवं किसानों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ एम पी यादव पूर्व प्राचार्य जी ने बताया कि किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन किस**

तरह करना है यह गुरु सीखना अति आवश्यक है जिससे कम से कम लागत में अधिक से अधिक उत्पादन लिया जा सके। साथ ही बताया कि व्यक्ति को तनाव मुक्त रहने के लिए प्रतिदिन मेडिटेशन एवं शिथिलीकरण करना चाहिए। कैंप के शुरुआत में ही उन्होंने मेडिटेशन एवं शिथिलीकरण प्रक्रियाओं की प्रोसेस कराएं। गोष्ठी के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया, साथ ही पधारे क्षेत्रीय किसानों को विस्तृत जानकारी के लिए अपने कालेज में एवं जिला कृषि विभाग में संपर्क करने के लिए संपर्क सूत्र दिए। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान लालाराम दोहरे, राजेंद्र सिंह यादव, विवेक कुमार, सतीश कुमार, हाकिम सिंह, गोविंद सिंह, जिलेदार सिंह, रामबरन आदि ने किसान गोष्ठी में सहभागिता की। कार्यक्रम में डॉ डीएन सिंह राजकुमार वर्मा मनोज दीक्षित सहित 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



किसान गोष्ठी में मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी एवं उपनिदेशक अनुसंधान अभिनंदन सिंह




स्वच्छता जागरूकता लाने के लिए स्वच्छता रैली

# स्वच्छता के प्रति नगर के लोगों को किया गया जागरूक



## नगला बनी में स्वच्छता जागरूकता लाने के लिए स्वच्छता रैली निकाली



राष्ट्रीय सहारा

## बढ़ेगी भारत की चिंता

# स्वच्छता-सेवाभाव के प्रति किया जागरूक

संवादसूत्र, इटावा : जनता कालेज बकेवर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का शुभारंभ योगा प्राणायाम से किया गया। इसमें स्वच्छता तथा सेवाभाव के प्रति किया जागरूक किया गया।

इसके उपरांत डा. एमपी यादव ने स्वयंसेवकों को एकाग्रता रखने के लिए सहज योग के नियमों को बताया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में बृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान शिविर के परिसर में उगे पार्थेनियम घास का उन्मूलन किया गया। ग्राम नगला बनी में प्राथमिक विद्यालय परिसर तथा गांव में सफाई कार्य किया गया, जिससे गांव के लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता बढ़े। स्वयं सेविकाओं ने ग्रामीणों को जागरुक किया। कार्यक्रम के द्वितीय तकनीकी सत्र में डा. आदित्य कुमार ने कहा कि समाजसेवा लोगों के कहने पर बंद नहीं करनी चाहिए हमेशा परोपकार के लिए कार्य करना चाहिए। शिविर में डा. संजीव कुमार ने कहा कि परोपकार से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। गोपीनाथ मौर्य ने समय प्रबंधन करने पर जोर दिया। डा. इंदुबाला मिश्रा ने नारी सशक्तिकरण पर अपनी राय प्रकट की। डा. पीके राजपूत ने ग्रामीण प्रशिक्षण संस्थान तथा स्वयं सहायता समूह की जानकारियां दी।



राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वच्छता गोष्ठी को संबोधित करते जिला कृषि अधिकारी अभिनंदन सिंह • जागरण

# राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर 2021-22

तृतीय दिवस दिनाँक: 07 /03/2022

जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का शुभारंभ योगा प्राणायाम से किया गया। इसके उपरांत डॉ एम पी यादव ने हार्टफुलनेस के द्वारा स्वयंसेवकों को एकाग्रता रखने के लिए सहजयोग के नियमों को बताया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में बृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान शिविर के परिसर के आसपास उगे पार्थेनियम घास का उन्मूलन करते हुए ग्राम नगला बनी में साफ सफाई का कार्य किया गया, जिससे गांव के लोगों में साफ सफाई करने की जागरूकता फैल सके। नगला बनी ग्राम में बने प्राथमिक पाठशाला के आसपास की भी सफाई की गई। तथा ग्रामीण अंचल की महिलाओं को सफाई के बारे में स्वयं सेविकाओं ने जागरुक किया। कार्यक्रम के द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ आदित्य कुमार ने कहा कि जब कोई आप कार्य करते हो तो 'लोग कुछ ना कुछ कहेंगे उनका काम है कहना', लेकिन आपको हमेशा परोपकार के लिए रुकना नहीं है आपको बस करते जाना है। शिविर में डॉ. संजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि परोपकार से बढ़कर कोई धर्म नहीं है, आप यह कार्य किसी भी रूप में कर सकते हो जैसे निःशुल्क पढ़ाने का कार्य, गरीब बच्चों की आर्थिक मदद या किसी बेसहारे को सहारा देकर रास्ता पार करा सकते हो उसके लिए आपको ना तो सोचने की जरूरत है बस आप में परोपकार की भावना विकसित हो जाए। डॉ दिव्य ज्योति मिश्रा ने बताया कि किसी भी कार्य को करने के लिए संकल्प लेने की आवश्यकता होती है जिससे आप उस कार्य में सफल हो सकें। उन्होंने कहा कि अंदर की बुराइयों को त्यागने के लिए बहुतसी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा यदि आप किसी का सहयोग करते हैं तो आप समझ लीजिए कि आप अपने लिए फिक्स डिपाजिट कर रहे हैं। श्री गोपीनाथ मौर्य ने समय प्रबंधन व लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा और बताया कि बिना लक्ष्य निर्धारित किए हुए आप सफल नहीं हो सकते हो और बिना समय का प्रबंध किए हुए आप लक्ष्य को निर्धारित नहीं कर सकते हो। डॉ इंदु बाला मिश्रा ने नारी सशक्तिकरण व नारी सम्मान पर अपने विचारों का साझा किया। डॉ पीके राजपूत ने ग्रामीण प्रशिक्षण संस्थान तथा स्वयं सहायता समूह के बारे में विस्तार से स्वयंसेवकों को बताया तथा स्वयंसेवकों द्वारा गांव में सर्वेक्षण करने के विभिन्न आयामों को समझाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने आए सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा के

अनुसार सभी स्वयंसेवकों को आज के लक्ष्य निर्धारित कार्य पर अपने दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम में धर्मेंद्र कुमार राजकुमार वर्मा मनोज दीक्षित सहित 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।





बृहद स्वच्छता अभियान





तकनीकी सत्र



इटावा

सहारा

सेवा योजना से जुड़े छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

साफ-सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश



स्वच्छता-सेवाभाव के प्रति किया जागरूक

# सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ प्राणायाम से हुआ

लोकभारती न्यूज ब्यूरो



प्राणायाम करते छात्र-छात्राएं।

**लखना, बकेवर।** ग्राम नगलाबनी में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में तीसरे दिन का शुभारंभ योगा प्राणायाम से किया गया। महिला सशक्तिकरण,व गांवो में साफ सफाई के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने पर जोर दिया। शिविर में डॉ.एम.पी.यादव ने हार्टफुलनेस के द्वारा स्वयंसेवकों को एकाग्रता रखने के लिए सहजयोग के नियमों को बताया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में बृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान शिविर के परिसर के आसपास उगे पार्थेनियम घास का उन्मूलन करते हुए ग्राम नगला बनी में साफसफाई का कार्य किया गया, जिससे गांव के लोगों में साफसफाई करने की जागरूकता फैल सके। नगला बनी ग्राम में बने प्राथमिक पाठशाला के आसपास की भी सफाई की गई। तथा ग्रामीण अंचल की महिलाओं को सफाई के बारे में स्वयं सेविकाओं ने जागरुक किया। कार्यक्रम के द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ.आदित्य कुमार ने कहा कि जब कोई आप कार्य करते हो तो 'लोग कुछ ना कुछ कहेंगे उनका काम है कहना', लेकिन आपको हमेशा परोपकार के लिए रुकना नहीं है आपको बस करते जाना है। डॉ. दिव्य ज्योति मिश्रा ने बताया कि किसी भी कार्य को करने के लिए संकल्प लेने की आवश्यकता होती है जिससे आप उस कार्य में सफल हो सकें। उन्होंने कहा कि अंदर की बुराइयों को त्यागने के लिए बहुतसी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा यदि आप किसी का सहयोग करते हैं तो आप समझ लीजिए कि आप अपने लिए फिक्स डिपाजिट कर रहे हैं। डॉ. पी.के.राजपूत ने ग्रामीण प्रशिक्षण संस्थान तथा स्वयं सहायता समूह के बारे में विस्तार से स्वयंसेवकों को बताया तथा स्वयंसेवकों द्वारा गांव में सर्वेक्षण करने के विभिन्न आयामों को समझाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव ने आए सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार सभी स्वयंसेवकों को आज के लक्ष्य निर्धारित कार्य पर अपने दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम में धर्मेंद्र कुमार राजकुमार वर्मा मनोज दीक्षित आदि सहित 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# <u>राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर 2021-22</u>

चतुर्थ दिवस　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनाँक: 08 /03/2022

जनता कॉलेज बकेवर इटावा की सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस का शुभारंभ व्यायाम एवं योगा से किया गया। तदोपरांत डॉ एम पी यादव ने हार्टफुलनेस के द्वारा स्वयं सेवकों को सहजयोग के नियमों के साथ शिथिलीकरण का योग कराया। शिविर के प्रथम सत्र में आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम में क्षेत्र की उद्यमिता एवं समूह के पदाधिकारी महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष व कालेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने मातृ शक्ति को नमन करते हुए कहा कि महिला विभिन्न रूप में मां, बहन, बेटी, पत्नी हमारे जीवन की प्रत्येक कड़ी में जुड़ी होती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के संरक्षण के लिए भारत के संविधान में अनुच्छेद 24 व 25 में रखा गया है और बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी ने कहा था कि स्त्री कभी श्रम से नहीं डरती, वह डरती है दुराचार से,अनाचार से, अशिष्टा से। महिलाओं को सशक्त करने के लिए उनको शिक्षित करना होगा उन्होंने बताया कि स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू जी ने कहा था किए यदि लड़का शिक्षित होता है तो वह सिर्फ अपने लिए होता है यदि लड़की शिक्षित होती है तो वह सात पीढ़ियों तक शिक्षित करती है । इसलिए महिलाओं का सम्मान व सशक्तिकरण के लिए हमेशा आगे रहकर उनका साथ देना चाहिए। उन्होंने सावित्रीबाई फुले, वीरांगना लक्ष्मीबाई, सुनीता विलियम, कल्पना चावला के योगदान के बारे में भी अपने विचारों का साझा किया। कार्यक्रम में कॉलेज की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.नलिनी शुक्ला जी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास के बारे में बताया उन्होंने कहा कि 1908 में अमेरिका के न्यूयॉर्क में महिलाओं ने मतदान करने के लिए आवाज उठाई थी।

उसके बाद संयुक्त राष्ट्र संगठन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मनाने का निर्णय लिया था। महिलाओं के सशक्तिकरण में सबसे ज्यादा योगदान है तो वह शिक्षा का और शिक्षित महिलाएं पुरुषों के साथ आर्थिक, सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में सहयोग करती हैं। डॉ इंदु बाला मिश्रा ने कहा कि नारी शक्ति तभी सशक्त हो सकती है जब वह स्वस्थ भी हो और स्वस्थ होने के लिए जरूरी है पोषण युक्त संतुलित आहार। उन्होंने कहा कि महिलाएं आपने खाने में हरी पत्ती सब्जियों का उपयोग जरूर करें जिसमें भरपूर रूप से खनिज लवण व रेशे पाए जाते हैं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित समूहों का संचालन कर रही श्रीमती अंजली देवी बकेवर की रहने वाली हैं तथा अपने समूह के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया उन्होंने कहा कि हम महिलाओं का समूह बनाकर सिलाई, कढ़ाई तथा ब्यूटी पार्लर जैसे छोटे-छोटे रोजगारपरक योजनाओं का प्रशिक्षण देती हूं जिससे क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर बनती हैं। कार्यक्रम में सीएलएफ की बीआरपी श्रीमती अंजलि ने बताया कि मैं लखना में रहती हूं, हमने लगभग 4000 महिलाओं को समूह से जोड़ा है तथा एनआरएलएम मिशन के द्वारा सभी को आत्मनिर्भर बनाने

की कोशिश कर रही हूं एक छोटे से 10 के इन्वेस्टमेंट से आज मैं 4 करोड़ का टर्नओवर करती हूं। सीएलएफ अध्यक्ष, महेवा एनआरएलएम मिशन श्रीमती रूबी अपने समूह के बारे में बताया कि हमने गांव के 10 महिलाओं को जोड़कर इस समूह का संचालन शुरू किया था जो कि आज लगभग 1800 महिलाएं हमारे समूह में जुड़ी हुई हैं। श्रीमती कंचनलता कुशवाहा ने बताया कि मैं समूह में लिखने पढ़ने का कार्य करते हैं तथा छोटा सा कार्य सिलाई का करती हूं जिससे हम अपने घर में 10000 प्रति माह की आर्थिक मदद करती हूं। ग्राम पुठिया की रहने वाली श्रीमती उषा नारायण जी ने बताया कि मैं ग्रहणी के रूप में कार्य करती हूं तथा उसके साथ अचार, मिथौरी, नमकीन आदि का उत्पाद बनाकर 5000 कमा लेती हूं। एनआरएलएम मिशन की अध्यक्ष श्रीमती सुमन कुमारी ने बताया कि अब तक हमारे समूह में 18000 महिलाएं जुड़ी हुई है जो आत्मनिर्भर बनकर दूसरों की सहायता कर रही है। कार्यक्रम कहती अतिथि नगर पंचायत बकेवर के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार दोहरे ने अपने विचारों का साझा किया।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ मनोज यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि हमारी मातृशक्ति गाड़ी की दो पहियों में एक पहिया है जो यदि छोटा रह जाएगा तो गाड़ी चल नहीं पाएगी। इसलिए हमको संकल्प लेना है कि हम आज ही नहीं वर्ष के 365 दिनों महिलाओं का सम्मान करेंगे और उनके आत्मनिर्भर, स्वालंबन व सशक्तिकरण के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि जनता कॉलेज बकेवर इटावा व उसकी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा क्षेत्र के आसपास गांव में जन जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं जिसमें महिलाओं को जागरूक करके आत्मनिर्भर, स्वालंबन, तथा रोजगारपरक योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाता है जिससे वह सभी आर्थिक रूप से मजबूत होती हैं और शिक्षा का प्रसार होता है। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस का संचालन गोपीनाथ मौर्या ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लघु नाटिका स्वरचित गीत एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

लघु नाटिका में स्वयंसेवक सूरज, संदीप व सहयोगी टीम ने महिला शिक्षा के बारे में प्रस्तुत किया। सरिता पटेल व उनकी सहयोगी टीम ने बेटा, बेटी में असमानता, भेदभाव की कुरीतियों के बारे में लघु नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सचिन,प्रभास व, शोभित, प्रगति, शिक्षा, शिवांगी तथा सुमित ने स्वरचित कविता प्रस्तुत किया। सुमित दीक्षित भव्य बाजपेई संदीप कुमार उमेंद्र कुमार शीतल आदि ने महिला सशक्तिकरण पर भाषण दिया। कार्यक्रम में डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ आदित्य कुमार, डॉ दिव्य ज्योति मिश्रा, आकाश चौधरी, राजकुमार वर्मा, मनोज दीक्षित सहित 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।





अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में क्षेत्र की उद्यमिता एवं समूह के पदाधिकारी महिलाओं को सम्मानित किया गया







डॉ. नलिनी शुक्ला जी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास के बारे में बताया

## इटावा

कानपुर 5
09 मार्च 2022

# महिला दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



महिला दिवस आयोजित हुआ कार्यक्रम

लोकभारती न्यूज ब्यूरो

[illegible]

### स्वावलंबन से जुड़ी महिलाओं को किया सम्मानित



स्वावलंबन के दौरान महिलाओं को सम्मानित करते।

[illegible]

## राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर 2021-22

**पंचम दिवस** **दिनाँक: 09/03/2022**

**जनता कॉलेज बकेवर इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का शुभारंभ व्यायाम व योग से किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने नैतिकता के बारे में बात करते हुए कहा कि अनुशासन का मतलब है 'नैतिक तरीके से काम करना'। घर के बाद विद्यालय हमारा दूसरा स्थान है जहां हम अनुशासन सीखते हैं। अनुशासन मूल रूप से हमारी आधार इच्छाओं का दमन है और अक्सर इसे आत्म संयम और नियंत्रण के समान माना जाता है। अनुशासित व्यक्ति किसी की इच्छाओं के बावजूद कार्रवाई का सर्वोत्तम कार्य निर्धारित करता है। ईमानदार व्यवहार अनुशासन का एक और रूप है। इसे तब वर्णित किया जा सकता है जब किसी के मूल्यों और उद्देश्यों को एक दूसरे के साथ साझा किया जाता है।किसी व्यक्ति के जीवन को सकारात्मक तरीके से चलाने के लिए महाविद्यालय के अनुशासन की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बताया**

कि अनुशासन मूल रूप से छात्रों के व्यवहार की दिशा निर्देशित करता है, सीमा निर्धारित करता है और अंततः उन्हें स्वयं और दूसरों की देखभाल करने में मदद करता है।

शिविर के तकनीकी सत्र में कॉलेज के जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ ललित गुप्ता ने दैनिक दिनचर्या के बारे में स्वयंसेवकों को संबोधित किया और कहा कि यदि हम शरीर के किसी अंग का हम प्रयोग नहीं करते हैं तो प्रायः देखते हैं कि उस अंग में कोई ना कोई समस्या आने लगती है। इसलिए हमको प्रतिदिन योग, व्यायाम तथा अपने शरीर के सभी अंगों को चलायमान करना बहुत जरूरी है जिससे हम स्वस्थ भी रहेंगे और शरीर में किसी भी प्रकार के विकार होने की आशंका नहीं होगी। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का संचालन डॉ संजय कुमार विश्वकर्मा ने किया।

तदोपरांत स्वयंसेवकों ने नगला बनी गांव में जाकर गांव के इतिहास के बारे में, कृषि के बारे में, शिक्षा के बारे में तथा वहां के मुख्य रोजगार व व्यवसाय के बारे में सर्वेक्षण किया। स्वयं सेविकाओं ने ग्रामीण आंचल की महिलाओं के साथ चर्चा की तथा उनकी शिक्षा, सामाजिक स्तर की समस्याओं के बारे में जानकारी लिया। कार्यक्रम में डॉ सत्य प्रकाश मौर्या ने अपने विचारों का साझा किया। इस मौके पर लालाराम दोहरे, राजकुमार वर्मा, मनोज दीक्षित, सुमित कुमार, शोभित, शिक्षा आदि सहित 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।





व्यायाम व योग



डॉ ललित गुप्ता ने दैनिक दिनचर्या के बारे में स्वयंसेवकों को संबोधित किया



स्वयंसेवकों ने गांव के इतिहास, कृषि, शिक्षा तथा रोजगार व व्यवसाय के बारे में सर्वेक्षण किया।

# अनुशासन का मतलब है नैतिक तरीके से काम करना: डॉ. मनोज

**करंट विज़न संवाददाता**



बकेवर जनता कॉलेज बकेवर की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने नैतिकता के बारे में बात करते हुए कहा कि अनुशासन का मतलब है 'नैतिक तरीके से काम करना'। घर के बाद विद्यालय हमारा दूसरा स्थान है जहां हम अनुशासन सीखते हैं। अनुशासन मूल रूप से हमारी आधार इच्छाओं का दमन है और अक्सर इसे आत्म संयम और नियंत्रण के समान माना जाता है। अनुशासित व्यक्ति किसी की इच्छाओं के बावजूद कार्रवाई का सर्वोत्तम कार्य निर्धारित करता है। ईमानदार व्यवहार अनुशासन का एक और रूप है। इसे तब वर्णित किया जा सकता है जब किसी के मूल्यों और उद्देश्यों को एक दूसरे के साथ साझा किया जाता है।किसी व्यक्ति के जीवन को सकारात्मक तरीके से चलाने के लिए महाविद्यालय के अनुशासन की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि अनुशासन मूल रूप से छात्रों के व्यवहार की दिशा निर्देशित करता है, सीमा निर्धारित करता है और अंततः उन्हें स्वयं और दूसरों की देखभाल करने में मदद करता है।

शिविर के तकनीकी सत्र में कॉलेज के जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ ललित गुप्ता ने दैनिक दिनचर्या के बारे में स्वयंसेवकों को संबोधित किया और कहा कि यदि हम शरीर के किसी अंग का हम प्रयोग नहीं करते है तो प्राय: देखते हैं कि उस अंग में कोई ना कोई समस्या आने लगती है। इसलिए हमको प्रतिदिन योग, व्यायाम तथा अपने शरीर के सभी अंगों को चलायमान करना बहुत जरूरी है जिससे हम स्वस्थ भी रहेंगे और शरीर में किसी भी प्रकार के विकार होने की आशंका नहीं होगी। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का संचालन डॉ संजय कुमार विश्वकर्मा ने किया। तदोपरांत स्वयंसेवकों ने नगला बनी गांव में जाकर गांव के इतिहास के बारे में, कृषि के बारे में, शिक्षा के बारे में तथा वहां के मुख्य रोजगार व व्यवसाय के बारे में सर्वेक्षण किया। स्वयं सेविकाओं ने ग्रामीण आंचल की महिलाओं के साथ चर्चा की तथा उनकी शिक्षा, सामाजिक स्तर की समस्याओं के बारे में जानकारी लिया। कार्यक्रम में डॉ सत्य प्रकाश मौर्या ने अपने विचारों का साझा किया। इस मौके पर लालाराम दोहरे, राजकुमार वर्मा, मनोज दीक्षित, सुमित कुमार, शोभित, शिक्षा आदि सहित 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर 2021-22

छठवें दिवस                                                    दिनाँक: 10 /03/2022

जनता कोलज बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवे दिवस का शुभारंभ व्यायाम व योग से किया गया । कार्यक्रम का संचालन डॉ . संजय कुमार विश्वकर्मा ने किया । उन्होने स्वयं सेवकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया ।

कार्यक्रम में डॉ. दिव्य ज्योति मिश्र ने स्वास्थ व शिक्षा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है । उन्होंने बताया कि हमे स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए व लोगों को इसके प्रति जागरूक भी करना चाहिए । उन्होंने स्वस्थ्यता पर बात करते हुए कहा कि हम सभी को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए था हमें नित्य संतुलित आहार लेना चाहिए ताकि हमारा व हमारे मस्तिष्क का विकास हो सके ।

डॉ. अश्वनी कुमार मिश्रा ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि मैं भी राष्ट्रीय सेवा योजना का स्वयं सेवक रहा हूं और मैंने लोगों को पोलियो ड्रॉप के लिए प्रेरित किया था और ये भी बताया कि हम स्वयं सेवकों के द्वारा ही हमारा भारत पोलियो मुक्त बनने में सक्षम हुआ है । तदपस्चात ग्राम नगलाबनी के श्री लालाराम दोहरे ने स्वयंसेवकों को निर्देशित करते हुए स्वयं सेवकों को व्यायाम और दैनिक जीवन में व्यायाम के महत्व के बारे में बताया और साथ ही शिष्टाचार्य के प्रति जागरूक किया । कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गीत, कविताएँ आदि का प्रस्तुतीकरण किया गया ।

तदोपरांत पांचवें दिवस में गांव नगला बनी में किए गए सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त आंकड़ों को प्रस्तुत किया गया व सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों से गांव नगला बनी की कई जानकारी स्वयंसेवकों ने साझा की ।जिसमें मुख्य रूप से गांव की आर्थिक स्थिति वहां के लोगों के रहन-सहन सुरक्षा व मुख्य व्यवसाय के बारे में जानकारी साझा की ।

डॉ संजय कुमार विश्वकर्मा ने आए सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में राजकुमार वर्मा एवं मनोज दीक्षित सहित 50 स्वयं सेवक मौजूद रहे ।




स्वयं सेवकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया





व्यायाम व योग करते हुए स्वयं सेवक

# राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर 2021-22

सातवें दिवस　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनाँक: 11 /03/2022

जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिवस का प्रारंभ योग, व्यायाम, प्राणायाम के साथ किया गया। जिसमें सूर्य नमस्कार एवं पीटी स्वयंसेवक विशाल सिंह, रामखिलाड़ी तथा अमित वर्मा के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों के प्रत्येक ग्रुप लीडर के द्वारा नगला बनी गांव के इतिहास, मुख्य व्यवसाय, रोजगार, शिक्षा स्तर की आख्या प्रस्तुत की गई। जिसमें ग्रामीण के लोगों ने बताया कि हमारे शिक्षा का मुख्य शिक्षा संस्थान ग्रामीण अंचल में बकेवर में स्थित जनता कॉलेज उच्च शिक्षा का सर्वोत्तम संस्थान है जिसमें शिक्षा पाकर यहां के लोगों ने नए आयामों में क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

कार्यक्रम के समापन सत्र में कार्यक्रम की अतिथि की भूमिका में नगर पंचायत बकेवर के सफाई कर्मी श्री अमित कुमार ने स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और कहा कि हम सभी सफाई के प्रति पूर्णतया जागरूक हैं क्योंकि आप स्वस्थ रहोगे तभी आप अपने परिवार, गांव व देश का नाम ऊंचा कर पाओगे । हमारी सफाई की भावना को समझते हुए आप सभी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। व्यासपुर के ग्राम प्रधान श्री पुष्पेंद्र कुमार जी ने शिविर के स्वयंसेवकों को एकता, सामूहिक कार्य तथा भाईचारा बनाने की बात कही और अगले वर्ष ग्राम व्यासपुर में विशेष शिविर लगाने का आमंत्रण दिया। नगला बनी के प्रगतिशील किसान श्री राजेंद्र सिंह ने पूरे 7 दिन के किए गए कार्यों की सराहना की ।

कार्यक्रम के अध्यक्ष व कॉलेज के यशस्वी प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने सर्वे भवन्तु सुखिनः। सर्वे सन्तु निरामयाः का मूल मंत्र देकर स्वयंसेवकों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कार्यक्रम में श्रेष्ठ स्वयंसेवकों को शील्ड देकर सम्मानित किया तथा सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी।जिसमें शिवांगी ऋषिशवार, भव्या बाजपेई, सूरज कुमार, सचिन जयसवाल, शोभित कुमार व सुमित वर्मा आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कालेज के प्राध्यापक डॉ एम पी यादव, डॉ पी के राजपूत, डॉ एम पी सिंह, डॉ आदित्य कुमार, डॉ संजीव कुमार, डॉ संजय विश्वकर्मा ने वक्तव्य प्रस्तुत कर सभी स्वयंसेवकों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने मंच का संचालन कर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शिविर में योगदान देने वाले कॉलेज के सभी प्राध्यापकों, क्षेत्र के प्रबुद्ध जन तथा स्वयं सेवकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में राजकुमार वर्मा, मनोज दीक्षित, स्वतंत्र कुमार, रवि मिश्रा, पूरन सिंह आदि सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।




कार्यक्रम के समापन सत्र में अतिथि





श्रेष्ठ स्वयंसेवकों को शील्ड देकर सम्मानित किया



स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी को पुष्प देकर सम्मानित किया



अतिथि श्री अमित कुमार ने स्वच्छता के प्रति जागरुक किया

# शिविर में सूर्य नमस्कार व प्रणायाम काराया

बकेवर (एसएनबी)। जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिवस का प्रारंभ योग, व्यायाम, प्राणायाम के साथ किया गया। जिसमें सूर्य नमस्कार एवं पीटी स्वयंसेवक विशाल सिंह, रामखिलाड़ी तथा अमित वर्मा द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों के प्रत्येक ग्रुप लीडर के द्वारा नगला बनी गांव के इतिहास,

**सफाईकर्मी ने मुख्य अतिथि के तौर पर किया विधिवत समापन**

मुख्य व्यवसाय, रोजगार, शिक्षा स्तर की आख्या प्रस्तुत की गई। जिसमें ग्रामीण के लोगों ने बताया कि हमारे शिक्षा का मुख्य शिक्षा संस्थान ग्रामीण अंचल में बकेवर में स्थित जनता कॉलेज उच्च शिक्षा का सर्वोत्तम संस्थान है जिसमें शिक्षा पाकर यहां के लोगों ने नए आयामों में क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

कार्यक्रम के समापन सत्र में कार्यक्रम की अतिथि की भूमिका में नगर पंचायत बकेवर के सफाई कर्मी अमित कुमार ने स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और कहा कि हम सभी सफाई के प्रति पूर्णतया जागरूक है क्योंकि आप स्वस्थ रहोगे तभी आप अपने परिवार, गांव व देश का नाम ऊंचा कर पाओगे । हमारी सफाई की भावना को समझते हुए आप सभी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।



इटावा : बकेवर के नगला बनी में सेवायोजना के शिविर के समापन पर पुरस्कार देते छात्र।

व्यासपुर के ग्राम प्रधान श्री पुष्पेंद्र कुमार जी ने शिविर के स्वयंसेवकों को एकता, सामूहिक कार्य तथा भाईचारा बनाने की बात कही और अगले वर्ष ग्राम व्यासपुर में विशेष शिविर लगाने का आमंत्रण दिया। नगला बनी के प्रगतिशील किसान राजेंद्र सिंह ने पूरे 7 दिन के किए गए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के अध्यक्ष व कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने सर्वे भवन्तु सुखिनः। सर्वे सन्तु निरामयाः का मूल मंत्र देकर स्वयंसेवकों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कार्यक्रम में श्रेष्ठ स्वयंसेवकों को शील्ड देकर सम्मानित किया तथा सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी, जिसमें शिवांगी अग्निहोत्र, भव्या बाजपेई, सूरज कुमार, सचिन जयसवाल, शोभित कुमार व सुमित वर्मा आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कालेज के प्राध्यापक डॉ. एम पी यादव, डॉ. पी के राजपूत, डॉ. एन पी सिंह, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. संजय विश्वकर्मा ने वक्तव्य प्रस्तुत कर सभी स्वयंसेवकों को आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने मंच का संचालन कर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शिविर में योगदान देने वाले कॉलेज के सभी प्राध्यापकों, क्षेत्र के प्रबुद्ध जन तथा स्वयं सेवकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में राजकुमार वर्मा, मनोज दीक्षित, स्वतंत्र कुमार, रवि मिश्रा, पूरन सिंह आदि सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।









विशेष शिविर लगाने के पहले की छायाप्रतियाँ





छायाप्रतियाँ

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई- 2022-2023

## विशेष शिविर / कार्यक्रमों का विवरण 2022-23

## महाविद्यालय का नाम- जनता कालेज, बकेवर, इटावा

**सात दिवसीय विशेष शिविर सत्र: 2022-23**

टीचर कालोनी व्यायाम शाला (बकेवर)

आयोजन दिनाँक: **14.03.2023** से **20.03.2023**

डॉ. मनोज कुमार यादव
कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना
जनता कालेज, बकेवर, इटावा

डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी
प्राचार्य
जनता कालेज, बकेवर, इटावा

# राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर 2022-23 का शुभारंभ

उद्घाटन सत्र: प्रथम दिवस　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनाँक: 14/03/2023

## अनुशासन ही जीवन शैली को उच्च बनाता है।

जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय 'विशेष शिविर' आज दिनांक 14 मार्च 2022 को प्रारंभ किया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 14 मार्च से 20 मार्च, 2023 तक टीचर कालोनी व्यायाम शाला, बकेवर, इटावा में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सातों दिवस में अलग-अलग शीर्षक जन जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिसमें मुख्य रुप से स्वच्छ भारत अभियान, जन जागरूकता कार्यक्रम, मिशन शक्ति, पोषण जागरूकता, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, किसानों के साथ सम्यक संपर्क, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वृक्षारोपण तथा स्वयंसेवकों सेवकों में व्यक्तित्व का विकास, सामूहिक कार्य भावना, सामुदायिक कार्य, नेतृत्व क्षमता का विकास, संप्रेषण कौशल एवं सृजनात्मक क्षमताओं का विकास आदि विशेष शिविर के प्रमुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, प्राचार्य, जनता कॉलेज, बकेवर, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एम पी यादव, विशिष्ट अतिथि डॉ अशोक कुमार पाण्डेय तथा अन्य अतिथियों ने वृक्षारोपण करके विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कालेज के यशस्वी प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य 'Not Me But You' के बारे में विस्तार से स्वयंसेवकों को संबोधित किया और कहा कि राष्ट्र हित के लिए सद्भाव उत्पन्न होना ही विशेष शिविर की सफलता होगी तथा स्वयंसेवकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एम पी यादव ने सातों दिवसों के विशेष शिविर के लिए सभी स्वयंसेवकों की भूमिका एवं जन

जागरूकता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ पी के राजपूत ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर अपने विचारों का साझा किया। उन्होंने बताया की महात्मा गांधी जी ने कहा था की स्वच्छता एक राष्ट्र सेवा है जिससे पूरे जन समुदाय को स्वस्थ बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा की यदि साफ-सफाई रखी जाए तो जो दवाई पर खर्च होता है वह पैसा बचाया जा सकता है और जिससे अच्छी शिक्षा दिलाई जा सकती है। कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ डी एन सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों को को बताया तथा कहा कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में राष्ट्र भावना उत्पन्न हो जिससे विद्यार्थियों में सहयोग की भावना विकसित की जाए। राष्ट्रीय सेवा योजना विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन है जिसमें युवाओं में आपदा से निपटने के लिए गुण सिखाए जाते हैं। कार्यक्रम में डॉ.धर्मेन्द्र कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। कार्यक्रम में श्रीमती मीनू त्रिपाठी ने स्वयंसेवकों को योग एवं दैनिक दिनचर्या से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी । कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार यादव ने किया तथा इस विशेष शिविर के सातों दिवसों में किए जाने वाले कार्य की प्रस्तावना व रूपरेखा के बारे में अवगत कराया और कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से अनुप्राणित है जिसमें छात्रों को शिक्षा के साथ समाज सेवा के लिए प्रेरित किया जाता है। स्वयंसेवकों को सामाजिक सेवा के साथ-साथ जीवन में अनुशासन में ढालना बहुत जरूरी है क्योंकि बिना अनुशासन के आप कभी भी विकसित राष्ट्र की परिकल्पना नहीं कर सकते और व्यक्तित्व विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया जिसमें डॉ एम.पी. यादव ने बताया कि गांव में कैसे लोगों से संपर्क किया जाए जिससे आप पर सरलतम और कम समय में विश्वास कर सके तथा आपके बताए हुए जन जागरूकता अभियान से जागरूक हो जाए। कार्यक्रम में डॉ पीके राजपूत ने किसानों की देशी तकनीकियों के बारे में बताया तथा

स्वयंसेवकों को परिचयात्मक भाव को उत्पन्न करने के सरल तरीकों को बताया। डॉ. एमपी सिंह ने स्वयं सेवकों को अनुशासन के बारे में बताया कि स्वयंसेवकों में अनुशासन विकसित होना चाहिए जिससे वह अपने को एक आदर्श मानवता के रूप में स्थापित हो सके। कार्यक्रम में डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ दिव्य ज्योति मिश्रा आदि ने अपने विचारों का साझा किया। विशेष शिविर के प्रथम दिवस का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम में डॉ ललित गुप्ता, डॉ आदित्य कुमार, डॉ संजय विश्वकर्मा,  डॉ एस के एस चंदेल, डॉ इंदु बाला मिश्रा, श्रीमती मीनू त्रिपाठी, शैलेंद्र कुमार, गणेश,शिवकुमार, धर्मेंद्र कुमार, राजकुमार वर्मा, आकाश चौधरी, मनोज दीक्षित, एकता प्रियदर्शनी, रूपम तिवारी, विमल कुमार,दुष्यंत कुमार,अनुज कुमार, शिवम यादव  आदि सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।









# राष्ट्रीय सेवा इकाई के सात दिवसीय शिविर का हुआ शुभारम्भ

**विचारधारा कार्यालय**

**बकेवर।** अनुशासन ही जीवन शैली को उच्च बनाता है। जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर मंगलवार को प्रारंभ किया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 14 मार्च से 20 मार्च तक टीचर कालोनी व्यायाम शाला, बकेवर, इटावा में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सातों दिवस में अलग-अलग शीर्षक जन जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिसमें मुख्य रुप से स्वच्छ भारत अभियान, जन जागरूकता कार्यक्रम, मिशन शक्ति, पोषण जागरूकता, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, किसानों के साथ सम्यक संपर्क, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वृक्षारोपण तथा स्वयंसेवकों सेवकों में व्यक्तित्व का विकास, सामूहिक कार्य भावना, सामुदायिक कार्य, नेतृत्व क्षमता का विकास, संप्रेषण कौशल एवं सृजनात्मक क्षमताओं का विकास आदि विशेष शिविर के प्रमुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, प्राचार्य, जनता कॉलेज, बकेवर, कार्यक्रम



के मुख्य अतिथि डॉ एम.पी यादव, विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय तथा अन्य अतिथियों ने वृक्षारोपण करके विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कालेज के यशस्वी प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य नोट मी बट यू के बारे में विस्तार से स्वयंसेवकों को संबोधित किया और कहा कि राष्ट्र हित के लिए सद्भाव उत्पन्न होना ही विशेष शिविर की सफलता होगी तथा स्वयंसेवकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एम पी यादव ने सातों दिवसों के विशेष शिविर के लिए सभी स्वयंसेवकों की भूमिका एवं जन जागरूकता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ पी के राजपूत ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर अपने विचारों का साझा किया। उन्होंने बताया की महात्मा गांधी जी ने कहा था की स्वच्छता एक राष्ट्र सेवा है जिससे पूरे जन समुदाय को स्वस्थ बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा की यदि साफ-सफाई रखी जाए तो जो दवाई पर खर्च होता है वह पैसा बचाया जा सकता है और जिससे अच्छी शिक्षा दिलाई जा सकती है। कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.एन सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों को को बताया तथा कहा कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में राष्ट्र भावना उत्पन्न हो जिससे विद्यार्थियों में सहयोग की भावना विकसित की जाए। राष्ट्रीय सेवा योजना विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन है जिसमें युवाओं में आपदा से निपटने के लिए गुण सिखाए जाते हैं। कार्यक्रम में डॉ.धर्मेन्द्र कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। कार्यक्रम में श्रीमती मीनू त्रिपाठी ने स्वयंसेवकों को योग एवं दैनिक दिनचर्या से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार यादव ने किया तथा इस विशेष शिविर के सातों दिवसों में किए जाने वाले कार्य की प्रस्तावना व रूपरेखा के बारे में अवगत कराया और कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से अनुप्राणित है जिसमें छात्रों को शिक्षा के साथ समाज सेवा के लिए प्रेरित किया जाता है। स्वयंसेवकों को सामाजिक सेवा के साथ-साथ जीवन में अनुशासन में ढालना बहुत जरूरी है क्योंकि बिना अनुशासन के आप कभी भी विकसित राष्ट्र की परिकल्पना नहीं कर सकते और व्यक्तित्व विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया जिसमें डॉ एम.पी. यादव ने बताया कि गांव में कैसे लोगों से संपर्क किया जाए जिससे आप पर सरलतम और कम समय में विश्वास कर सके तथा आपके बताए हुए जन जागरूकता अभियान से जागरूक हो जाए। कार्यक्रम में डॉ पीके राजपूत ने किसानों की देशी तकनीकियों के बारे में बताया तथा स्वयंसेवकों को परिचयात्मक भाव को उत्पन्न करने के सरल तरीकों को बताया। डॉ. एमपी सिंह ने स्वयं सेवकों को अनुशासन के बारे में बताया कि स्वयंसेवकों में अनुशासन विकसित होना चाहिए जिससे वह अपने को एक आदर्श मानवता के रूप में स्थापित हो सके। कार्यक्रम में डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ दिव्य ज्योति मिश्रा आदि ने अपने विचारों का साझा किया। विशेष शिविर के प्रथम दिवस का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम में डॉ ललित गुप्ता, डॉ आदित्य कुमार, डॉ संजय विश्वकर्मा, डॉ एस के एस चंदेल, डॉ इंदु बाला मिश्रा, श्रीमती मीनू त्रिपाठी, शैलेंद्र कुमार, गणेश, शिवकुमार, धर्मेंद्र कुमार, राजकुमार वर्मा, आकाश चौधरी, मनोज दीक्षित, एकता प्रियदर्शनी, रूपम तिवारी, विमल कुमार, दुष्यंत कुमार, अनुज कुमार, शिवम यादव आदि सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

राष्ट्र पटल
इटावा, बुधवार 15 मार्च 2023

# जनता कालेज में सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ

युवराज सिंह चौहान

बकेवर (इटावा)। अनुशासन ही जीवन शैली को उच्च बनाता है। जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय "विशेष शिविर" मंगलवार को प्रारंभ किया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 14 मार्च से 20 मार्च तक तोमर मलोनी व्यायाम शाला, बकेवर, इटावा में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत सातों दिवस में अलग-अलग शीर्षक जन जागरूकता अभियान के द्वारा लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से स्वच्छ भारत अभियान, जल जागरूकता कार्यक्रम, मिशन शक्ति, पोषण जागरूकता, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, किसानों के साथ उन्मुख संपर्क, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वृक्षारोपण तथा स्वयंसेवकों में व्यक्तित्व का विकास, सामूहिक कार्य भावना, सामुदायिक कार्य, नेतृत्व क्षमता का विकास, संप्रेषण कौशल एवं सृजनात्मक क्षमताओं का विकास आदि विशेष शिविर के प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, प्राचार्य, जनता कॉलेज, बकेवर, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एसपी यादव, विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक कुमार पालीवाल तथा अन्य अतिथियों ने वृक्षारोपण करके विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के यशस्वी प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य नोट मी बट यू के बारे में विस्तार से स्वयंसेवकों को संबोधित किया और कहा कि राष्ट्र हित के लिए सदृश्य उत्पन्न होना ही विशेष शिविर की सफलता होगी तथा स्वयंसेवकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. एसपी यादव ने सातों दिवसों के विशेष शिविर के लिए सभी स्वयंसेवकों की भूमिका एवं जन जागरूकता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डा. पीके राजपूत ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर अपने विचारों का व्याख्या किया। उन्होंने बताया की महात्मा गांधी जी ने कहा था की स्वच्छता एक राष्ट्र सेवा है जिससे पूरे जन समुदाय को स्वस्थ बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा की यदि खान-पान सही रहे तो जो रुपयों पर खर्च होता है वह पैसा बचाया जा सकता है और जिससे अच्छी शिक्षा दिलाई जा सकती है। कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रोहित सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों को को बताया तथा कहा कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में राष्ट्र भावना उत्पन्न हो जिससे विद्यार्थियों में सहयोग की भावना विकसित की जाए। राष्ट्रीय सेवा योजना विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन है जिसमें युवाओं में (अवसर) के निखारने के लिए, युवा विकास, जाते हैं। कार्यक्रम में डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। कार्यक्रम में श्रीमती नीतू त्रिपाठी ने स्वयंसेवकों को योग एवं दैनिक दिनचर्या से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार यादव ने किया तथा इस विशेष शिविर के सातों दिवसों में किए जाने वाले कार्यों की प्रस्तावना व रूपरेखा के बारे में अवगत कराया और कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से अनुप्राणित है जिसमें छात्रों को शिक्षा के साथ समाज सेवा के लिए प्रेरित किया जाता है। स्वयंसेवकों को सामाजिक सेवा के साथ-साथ जीवन में अनुशासन में रहना बहुत जरूरी है क्योंकि बिना अनुशासन के आप कभी भी विकसित राष्ट्र की परिकल्पना नहीं कर सकते और व्यक्तित्व विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया जिसमें डा. एसपी यादव ने बताया कि गांव में लोगों के लोगों से संपर्क किया जाए, जिससे आप पर सम्मान और कम समय में विश्वास कर सकें तथा आपके बताए हुए जन जागरूकता अभियान में जागरूक हो जाएं। कार्यक्रम में डॉ. पीके राजपूत ने किसानों की ऐसी उपलब्धियों के बारे में बताया तथा स्वयंसेवकों को परिवर्तनात्मक भाव को उत्पन्न करने के सरल तरीकों को बताया। डॉ. एसपी सिंह ने स्वयं सेवकों को अनुशासन के बारे में बताया कि स्वयंसेवकों में अनुशासन विकसित होना चाहिए, जिससे वह अपने को एक आदर्श नागरिक के रूप में स्थापित हो सकें। कार्यक्रम में डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. मित्र ज्योति मिश्रा आदि ने अपने विचारों को व्यक्त किया। विशेष शिविर के प्रथम दिवस का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. सतीश गुप्ता, डा. अमित कुमार, डा. संजय विश्वकर्मा, डा. सुधाकर पाठक, डा. इंदु बाला मिश्रा, श्रीमती नीतू त्रिपाठी, शैलेन्द्र कुमार, गणेश, शिवकुमार, धर्मेन्द्र कुमार, राजकुमार वर्मा, आकाश चौधरी, मनोज पंडित, शुभम दिवाकर, रूपम तिवारी, विमल कुमार, दुर्गेश कुमार, अतुल कुमार, शिवम यादव आदि सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



द्वितीय दिवस दिनाँक: 15/03/2023

जनता कॉलेज बकेवर इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय 'विशेष शिविर' के "द्वितीय दिवस" के प्रातः कालीन सत्र में योग व्यायाम एवं प्राणायाम के बारे में डॉ ललित गुप्ता ने व्याख्यान के द्वारा स्वयंसेवकों को संबोधित किया तथा सभी को योग एवं प्राणायाम कराया। शिविर के प्रथम तकनीकी सत्र में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ग्रामीण कृषि प्रसार अधिकारी,विदिशा, मध्य प्रदेश व पूर्व छात्र श्री शिवनाथ सिंह राजपूत ने अपने अनुभवों को साझा करके स्वयंसेवकों को बताया कि किसानों से कैसे संपर्क किया जाए। जिससे कि वे आपकी बात को समझें तथा आपके द्वारा बताए गए ज्ञान का उपयोग करें। उन्होंने सभी छात्रों को श्रेष्ठ बनने व जीवन में अच्छे कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने इजराइल देश का उदाहरण देकर कहा कि यदि हम मनोभाव से कर्तव्य करें, तो हमारा और हमारे देश का भी विश्व में प्रथम स्थान होगा। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में 'स्वच्छता ही सेवा है' जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बकेवर नगर पंचायत के स्वच्छता प्रहरी सूरज कुमार, रोशन कुमार, बेताब सिंह, शिवा कुमार,हरिश्चंद्र, राजकुमार यादव आदि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता के प्रहरी रोशन कुमार ने स्वच्छता के बारे में स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता रखने से स्वस्थ सही रहता है और जब स्वस्थ सही रहेगा तो धन की बचत होगी और उस धन से हम बच्चों की अच्छी शिक्षा दिला सकते हैं तथा अपनी आय को बढ़ा सकते हैं, जिससे हम समर्थ हो सकते हैं और देश को विकसित बनाने में सहायक हो सकते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष व प्राचार्य डॉ आर के त्रिपाठी ने स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए स्वयंसेवकों को संदेश दिया। डॉ एमपी यादव ने स्वच्छता के साथ-साथ अध्यात्म के अपने विचारों को साझा किया। डॉ गोपीनाथ मौर्या ने स्वयंसेवकों को मुख्य रूप से अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता के दो महत्वपूर्ण आयाम शारीरिक स्वच्छता के अंतर्गत प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान, ध्यान योग एवं प्राणायाम, सूर्य नमस्कार और मानसिक स्वच्छता

के अंतर्गत सत्संग अच्छी पुस्तकों का स्वाध्याय श्रेष्ठ जनों के विचारों का निरंतर ग्रहण करते रहना चाहिए। डॉ एम पी सिंह ने स्वच्छता के लिए बताया कि मन, तन और पर्यावरण स्वच्छ रखना चाहिए। कार्यक्रम के उपरांत जन जागरण हेतु स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाते हुए प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने शिविर स्थल से बकेवर क्षेत्र में जन जागरण हेतु रवाना किया। जिसमें स्वयंसेवकों ने स्वलिखित सुविचार "अब हमने यह ठाना है, भारत स्वच्छ बनाना है। स्वच्छता का दीप जलाएंगे, चारों ओर उजाला लाएंगे। स्वच्छता की ज्योति जलाओ, देश को सुंदर बनाओं। देश में विकास तभी आएगा, जब हर व्यक्ति स्वच्छता को अपना आएगा। स्वच्छता अपनाओ, समाज में खुशियां ले आओ। स्वच्छता का करोगे जब काम, विकसित राष्ट्रों में आएगा अपना नाम। स्वच्छता का कर्म अपना और इसे अपना धर्म बनाओ। आओ मिलकर करें यह काम, स्वच्छता का चलाए अभियान। आदि नारों के माध्यम के साथ उद्घोष करते हुए जन जागरण कार्यक्रम को बकेवर में कराते हुए पुनः शिविर स्थल पर पहुंचकर समापन किया। शिविर के तृतीय सत्र में स्वयंसेवकों के द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा है' के शीर्षक पर सांस्कृतिक कार्यक्रमो की श्रृंखला में स्वरचित कविताएं, गीत एवं भाषण को संदीप कुमार, दुष्यंत कुमार, लता वर्मा, एकता आदि ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने आज के शिविर में 'स्वच्छता ही सेवा है' के लिए सभी स्वयंसेवकों को प्रेरित किया तथा आज के सत्र में सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ डी एन सिंह, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ आदित्य कुमार, डॉ संजय विश्वकर्मा, डॉ इंदु बाला मिश्रा, डॉ सत्यार्थ प्रकाश मौर्य, डॉ नवीन अवस्थी, शैलेंद्र कुमार, राज कुमार वर्मा, गणेश, मनोज दीक्षित आकाश चौधरी, अंशिका, रजनी शाक्य, प्रियंका, संदीप कुमार, इंद्र कुमार, रामदास आदि सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संकल्प गीत की प्रस्तुति के बाद राष्ट्रगान के साथ तृतीय सत्र का समापन किया गया।


राष्ट्रीय सेवा योजना
स्वच्छ भारत अभियान
जागरूकता कार्यक्रम
राष्ट्रीय सेवा योजना
जनता कालेज, बकेवर, इटावा
विशेष शिविर


राष्ट्रीय सेवा योजना
जनता कालेज, बकेवर, इटावा
विशेष शिविर
14 मार्च से 20 मार्च, 2023






# राष्ट्रीय सेवाः योजना का सात दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन

लोक भारती न्यूज ब्यूरो

बकेवर,इटावा। जनता कॉलेज बकेवर इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय 'विशेष शिविर' के ‍卐द्वितीय दिवस卐 के प्रातः कालीन सत्र में योग व्यायाम एवं प्राणायाम के बारे में डॉ. ललित गुप्ता ने व्याख्यान के द्वारा स्वयंसेवकों को संबोधित किया तथा सभी को योग एवं प्राणायाम कराया।




जागरुकता रैली निकालते हुए

शिविर के प्रथम तकनीकी सत्र में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ग्रामीण कृषि प्रसार अधिकारी,विदिशा, मध्य प्रदेश व पूर्व छात्र शिवनाथ सिंह राजपूत ने अपने अनुभवों को साझा करके स्वयंसेवकों को बताया कि किसानों से कैसे संपर्क किया जाए। जिससे कि वे आपकी बात को समझें तथा आपके द्वारा बताए गए ज्ञान का उपयोग करें। डॉ एम पी सिंह ने स्वच्छता के लिए बताया कि मन, तन और पर्यावरण स्वच्छ रखना चाहिए। कार्यक्रम के उपरांत जन जागरण हेतु स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाते हुए प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने शिविर स्थल से बकेवर क्षेत्र में रवाना किया। कार्यक्रम में डॉ डी एन सिंह, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ आदित्य कुमार, डॉ संजय विश्वकर्मा, डॉ इंदु बाला मिश्रा, डॉ सत्यार्थ प्रकाश मौर्य, डॉ नवीन अवस्थी, शैलेंद्र कुमार, राज कुमार वर्मा, गणेश, मनोज दीक्षित आकाश चौधरी, अंशिका, रजनी शाक्य, प्रियंका, संदीप कुमार, इंद्र कुमार, रामदास आदि सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संकल्प गीत की प्रस्तुति के बाद राष्ट्रगान के साथ तृतीय सत्र का समापन किया गया।

12:14 AM

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन प्राणायाम पर हुआ व्याख्यान

बकेवर (इटावा) 15 मार्च। जनता कॉलेज बकेवर इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय श्विशेष शिविरश् के ष्द्वितीय दिवसष् के प्रातः कालीन सत्र में योग व्यायाम एवं प्राणायाम के बारे में डॉ ललित गुप्ता ने व्याख्यान के द्वारा स्वयंसेवकों को संबोधित किया तथा सभी को योग एवं प्राणायाम कराया। शिविर के प्रथम तकनीकी सत्र में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ग्रामीण कृषि प्रसार अधिकारी,विदिशा, मध्य प्रदेश व पूर्व छात्र श्री शिवनाथ सिंह राजपूत ने अपने अनुभवों को साझा करके स्वयंसेवकों को बताया कि किसानों से कैसे संपर्क किया जाए। जिससे कि वे आपकी बात को समझें तथा आपके द्वारा बताए गए ज्ञान का उपयोग करें। उन्होंने सभी छात्रों को श्रेष्ठ बनने व जीवन में अच्छे कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने इजराइल देश का उदाहरण देकर कहा कि यदि हम मनोभाव से कर्तव्य करें, तो हमारा और हमारे देश का भी विश्व में प्रथम स्थान होगा। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में श्स्वच्छता ही सेवा है' जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बकेवर नगर पंचायत के स्वच्छता प्रहरी सूरज कुमार, रोशन कुमार, बेताब सिंह, शिवा कुमार, हरिश्चंद्र, राजकुमार यादव आदि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता के प्रहरी रोशन कुमार ने स्वच्छता के बारे में स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता रखने से स्वस्थ सही रहता है और जब स्वस्थ सही रहेगा तो धन की बचत होगी और उस धन से हम बच्चों की अच्छी शिक्षा दिला सकते हैं तथा अपनी आय को बढ़ा सकते हैं, जिससे हम समर्थ हो सकते हैं और देश को विकसित बनाने में सहायक हो सकते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष व प्राचार्य डॉ आर के त्रिपाठी ने स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए स्वयंसेवकों को संदेश दिया। डॉ एमपी यादव ने स्वच्छता के साथ-साथ अध्यात्म के अपने विचारों को साझा किया। डॉ गोपीनाथ मौर्या ने स्वयंसेवकों को मुख्य रूप से अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता के दो महत्वपूर्ण आयाम शारीरिक स्वच्छता के अंतर्गत प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान, ध्यान योग एवं प्राणायाम, सूर्य नमस्कार और मानसिक स्वच्छता के अंतर्गत सत्संग अच्छी पुस्तकों का स्वाध्याय श्रेष्ठ जनों के विचारों का निरंतर ग्रहण करते रहना चाहिए। डॉ एम पी सिंह ने स्वच्छता के लिए बताया कि मन, तन और पर्यावरण स्वच्छ रखना चाहिए। कार्यक्रम के उपरांत जन जागरण हेतु स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाते हुए प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने शिविर स्थल से बकेवर क्षेत्र में जन जागरण हेतु रवाना किया। जिसमें स्वयंसेवकों ने स्वलिखित सुविचार ष्अब हमने यह ठाना है, भारत स्वच्छ बनाना है। स्वच्छता का दीप जलाएंगे, चारों ओर उजाला लाएंगे। स्वच्छता की ज्योति जलाओ, देश को सुंदर बनाओं। देश में विकास तभी आएगा, जब हर व्यक्ति स्वच्छता को अपना आएगा। स्वच्छता अपनाओ, समाज में खुशियां ले आओ। स्वच्छता का करोगे जब काम, विकसित राष्ट्रों में आएगा अपना नाम।

## स्वच्छता का कर्म अपना और इसे अपना धर्म बनाओ।

आओ मिलकर करें यह काम, स्वच्छता का चलाए अभियान। आदि नारों के माध्यम के साथ उद्घोष करते हुए जन जागरण कार्यक्रम को बकेवर में कराते हुए पुनः शिविर स्थल पर पहुंचकर समापन किया। शिविर के तृतीय सत्र में स्वयंसेवकों के द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा है' के शीर्षक पर सांस्कृतिक कार्यक्रमो की श्रृंखला में स्वरचित कविताएं, गीत एवं भाषण को संदीप कुमार, दुष्यंत कुमार, लता वर्मा, एकता आदि ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने आज के शिविर में 'स्वच्छता ही सेवा है' के लिए सभी स्वयंसेवकों को प्रेरित किया तथा आज के सत्र में सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ डी एन सिंह, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ आदित्य कुमार, डॉ संजय विश्वकर्मा, डॉ इंदु बाला मिश्रा, डॉ सत्यार्थ प्रकाश मौर्य, डॉ नवीन अवस्थी, शैलेंद्र कुमार, राज कुमार वर्मा, गणेश, मनोज दीक्षित आकाश चौधरी, अंशिका, रजनी शाक्य, प्रियंका, संदीप कुमार, इंद्र कुमार, रामदास आदि सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संकल्प गीत की प्रस्तुति के बाद राष्ट्रगान के साथ तृतीय सत्र का समापन किया गया।


राष्ट्र पटल

इटावा, गुरुवार 16 मार्च 2023


# शिविर के दूसरे दिन योग प्राणायाम पर हुआ व्याख्यान

**युवराज सिंह चौहान**

